हिन्दी दैनिक

जौनपुर, लखनऊ व भदोहीं से प्रकाशित

# देश की उपासना

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

देश के विकास में समर्पित समाज के सभी वर्गों के लिए

dku live &
dkunews24

वर्ष : 04 अंक–84 : जौनपुर, मंगलवार 17 मई 2022 सान्ध्य दैनिक ( संस्करण ) पेज –4 मूल्य : 2 रूपया

## इलाहाबाद फैजाबाद के बाद अब लखनऊ का बदलेगा नाम? सीएम योगी के ट्वीट से मिले संकेत

लखनऊ ब्यूरो : यूपी की राजधानी लखनऊ का नाम बदलने के अटकलें लगनी शुरू हो गई हैं। दरअसल, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के स्वागत में सीएम योगी के एक ट्वीट से लखनऊ का नाम बदले जाने की अटकलें लगने लगीं हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने ट्वीट में लिखा, 'शेषावतार भगवान श्री लक्ष्मण जी की पावन नगरी लखनऊ में आपका हार्दिक स्वागत व अभिनंदन आपको बता दें कि सीएम योगी ने यह ट्वीट अमौसी एयरपोर्ट पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का स्वागत करते हुए खींची गई फोटो को टैग करते हुए किया है। इस ट्वीट के बाद यह सवाल उठने लगा है कि लखनऊ का नाम लक्ष्मण जी के नाम पर किया जा सकता है। यह अटकलें इसलिए भी लगाई जा रही हैं, क्योंकि इससे पहले लखनऊ का नाम बदलकर लखनपुरी, लक्ष्मणपुरी और लखनपुर करने की मांग उठाई जा चुकी है। आपको बता दें कि योगी सरकार ने इससे पहले कई जगहों के नाम बदले हैं। इलाहाबाद और फैजाबाद का नाम बदलकर प्रयागराज और अयोध्या किया जा चुका है।हालांकि सीएम के आधिकारिक ट्विटर हैंडिल से इसी तस्वीर के साथ किए गए ट्वीट की भाषा बदली हुई है। इसमें उन्होंने इस ट्वीट में लखनऊ के चौधरी चरण सिंह अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पर स्वागत की बात लिखी है। पीएम मोदी ने योगी सरकार के मंत्रियों को पढ़ाया सुशासन का पाठ आपको बता दें कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार शाम यहां योगी सरकार के मंत्रियों को सुशासन का पाठ पढ़ाया। उन्होंने मंत्रियों को संगठन के साथ समन्वय करके काम करने तथा जनता से सतत संवाद

स्थापित कर उनकी आकांक्षाओं पर खरा उतरने की नसीहत दी। पीएम मोदी कुशीनगर के कार्यक्रम में शामिल होने के बाद शाम लखनऊ पहुंचे। इससे पहले लखनऊ पहुंचने पर अमौसी एयरपोर्ट पर राज्यपाल आनंदीबेन पटेल, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य व ब्रजेश पाठक ने पीएम मोदी का स्वागत किया। यह दूसरा मौका था जब मोदी बतौर प्रधानमंत्री मुख्यमंत्री आवास पहुंचे थे। इससे पहले मोदी 20 जून 2017 को मुख्यंमत्री आवास आए थे। तब राष्ट्रपति चुनाव से पहले का मौका था। इसमें विपक्ष के नेता, धर्मगुरु सहित अन्य खास मेहमान भी बुलाए गए थे। इसके बाद राम नाथ कोविंद भी राष्ट्रपति उम्मीदवार घोषित होने के बाद 25 जून 2017 को मुख्यमंत्री आवास पहुंचे थे। तब वह भाजपा एवं सहयोगी दलों के सांसदों और विधायकों का समर्थन मांगने योगी के घर पहुंचे थे। इसके अलावा उप राष्ट्रपति वैकेंया नायडू भी 24 जनवरी 2018 को मुख्यमंत्री के सरकारी आवास आए थे। योगी मुख्यमंत्री बनने के बाद प्रोटोकॉल से हटकर कई हस्तियां मुख्यमंत्री आवास आ चुकी हैं।

## निर्माणाधीन डिस्कवरी लैब का सीडीओ ने किया निरीक्षण

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : मुख्य विकास अधिकारी अनुपम शुक्ल व जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डा. गोरखनाथ पटेल मंगलवार को प्राथमिक विद्यालय ताहिरपुर में बन रहे निर्माणाधीन डिस्कवरी लैब का निरीक्षण किया। कार्य प्रगति की जमकर सराहना किया। मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि यह लैब जनपद मे स्थापित होने वाला पहला लैब है इसमे किसी तरह के संसाधन की कमी नही होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि कम से कम लागत मे बच्चों के लिए स्मार्ट टीवी कम्प्यूटर टेलीस्कोप थ्री डी असिस्ट सहित विज्ञान के 150 से अधिक उपकरण एवं मॉडल स्थापित किये जाएंगे। इस लैब के माध्यम से बच्चों मे वैज्ञानिक दृष्टिकोण एव जिज्ञासु प्रवृत्ति को विकसित करना है। तथा बच्चे स्वयं टेलीस्कोप, व अन्य आधुनिक तकनीकों के माध्यम से खगोलीय घटनाओं एवं दैनिक जीवन मे घटित होने वाले भौतिक, रसायन व जीव विज्ञान इत्यादि से सम्बन्धित परिघटनाओ को समझेंगे। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉ गोरखनाथ पटेल ने कहा इस लैब की स्थापना होने के बाद बेसिक शिक्षा मे पढ़ने वाले आस पास के बच्चों के अधिगम मे गुणात्मक सुधार एवं उनके नामांकन तथा ठहराव पर भी सकात्मक प्रभाव पड़ेगा। खंड विकास अधिकारी अनिल सिंह एवं खंड शिक्षा अधिकारी राजीव बीईओ ने पुरी कार्ययोजना प्रस्तुत करते सीडीओ को आश्वस्त किया कि अगले दो दिन मे लैब पूरी तरह सुसज्जित होकर तैयार हो जायेगा। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक व प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष अमित सिंह सेक्रेटरी अरुण यादव व ग्राम प्रधान जयशंकर यादव ब्लाक अध्यक्ष मृत्युंजय सिंह शिवम सिंह दिनेश कुमार राकेश सिंह श्यामधर यादव मुकेश दुबे मनोज कुमार इत्यादि लोग उपस्थित रहे।

## आवश्यक सूचना

**आप सभी पाठक बन्धुओं से अनुरोध है कि आनलाइन समाचार पत्र पढ़नें और ई–पेपर का लाभ लेने हेतु हमारे निम्नांकित वेबसाइट एवं न्यूज पोर्टल - dku live चैनल पर सम्पर्क कर लाभ उठायें– उ0प्र0 के सभी जनपदों एवं तहसीलों से पत्रकार बननें के लिए सम्पर्क करें–**

**www.Deshkiupasana.com**
**www.Deshkiupasana.in**
**www.Deshkiupasana.org**

**–संपादक**

## 23 मई को लखनऊ में कायस्थ महासभा का सम्मान समारोह होगा आयोजित

जौनपुर डीकेयू ब्यूरो : अखिल भारतीय कायस्थ महासभा उत्तर प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष डॉ इन्द्रसेन श्रीवास्तव के संयोजन में गत विधानसभा चुनाव में अपने परिवार से राष्ट्रसेवा में निकले राजनीति में प्रदेश का प्रतिनिधित्व करने वाले निर्वाचित विधायकों व अन्य विभूतियों का सम्मान समारोह आगामी 23 मई को लखनऊ में स्थित सहकारिता भवन सभागार में आयोजित होगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उप्र सरकार के उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक व विशिष्ट अतिथि उप्र सरकार के वन पर्यावरण राज्यमंत्री डॉ अरुण कुमार सक्सेना, परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह, आबकारी राज्यमंत्री नितिन अग्रवाल अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के राष्ट्रीय महामंत्री विश्व विमोहन कुलश्रेष्ठ तथा मुख्य वक्ता भाजपा काशी क्षेत्र अध्यक्ष महेश चंद्र श्रीवास्तव होंगे, अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के राष्ट्रीय संगठन मंत्री पीसीएल श्रीवास्तव रहेंगे। कायस्थ समाज से विधायक व पूर्व मंत्री सिद्धार्थ नाथ सिंह प्रयागराज विधायक, विधायक सौरभ श्रीवास्तव वाराणसी विधायक,एम एल सी डा केपी श्रीवास्तव, प्रयागराज एम एल सी आशुतोष सिन्हा वाराणसी की विशेष उपस्थिति रहेगी।कार्यक्रम का संचालन मुख्य संयोजक शेखर कुमार ने किया। उक्त सूचना श्याम चन्द्र श्रीवास्तव प्रदेश महामंत्री अखिल भारतीय कायस्थ महासभा उत्तर प्रदेश ने दिया।

## 4 जून को गोरखपुर आएंगे राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद

गोरखपुर मण्डल प्रभारी आशुतोष चौधरी : गीताप्रेस के प्रबंधक लालमणि तिवारी ने बताया कि शताब्दी वर्ष समारोह का शुभारंभ 14 अप्रैल को पूजन–अर्चन से हो चुका है। राष्ट्रपति की उपस्थिति में गोष्ठी का पहला बड़ा कार्यक्रम होगा। गोष्ठी का कोई विषय नहीं रखा गया है। राष्ट्रपति स्वेच्छा से अपना उद्बोधन देंगे। सबसे पहले वह लीला चित्र मंदिर का भ्रमण करेंगे। इसके बाद गोष्ठी में शामिल होंगे।3 दिसंबर को गीता जयंती और 3 मई 2023 को समापन अवसर पर बड़ा कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। समापन समारोह में वृंदावन के श्रीमलूक पीठाधीश्वर राजेंद्र दास महाराज ने भक्तमाल कथा आयोजित करने की अनुमति प्रदान कर दी है। विदित हो कि गीता प्रेस की स्थापना 14 मई 1923 को जय दयाल गोएंका ने की थी। जिसका उद्देश्य घर–घर में श्रीमद्भगवत गीता को पहुंचाना रहा है। इस प्रक्रिया में अब तक 80 करोड़ से अधिक धार्मिक पुस्तकें गीता प्रेस से छप चुकी हैं। 96 वर्ष से निरंतर चल रही कल्याण पत्रिका की भी 15 करोड़ से अधिक प्रतियां अब तक प्रकाशित हो चुकी हैं। विश्व प्रसिद्ध गीता प्रेस अब तक 80 करोड़ से अधिक धार्मिक पुस्तकें और 15 से अधिक कल्याण पत्रिका के अंक प्रकाशित कर चुका है। गीता प्रेस 18 भाषाओं में 1800 तरह की पुस्तकों का प्रकाशन करता है।

## उत्तर कोरिया में कोरोना महामारी ने ले लिया 'विस्फोटक' रूप : 12 लाख लोगों पर संक्रमण का खतरा

नई दिल्ली एजेंसी : उत्तर कोरिया में कोरोना संक्रमण अब एक बड़ी महामारी का रूप ले चुका है। सरकारी तौर पर यह बताया गया है कि देश में 12 लाख लोगों को 'बुखार' है। यानी उन लोगों में कोविड–19 संक्रमण जैसे लक्षण हैं। 50 से ज्यादा लोगों की मौत की खबर है। इस बीच पूरे देश में सख्त लॉकडाउन जारी है। देश के सर्वोच्च नेता किम जोंग–उन ने स्वीकार किया है कि उत्तर कोरिया की स्थापना के बाद की सबसे बड़ी मुश्किल फिलहाल उसके सामने खड़ी है। पश्चिमी मीडिया की खबरों के मुताबिक उत्तर कोरिया में कोरोना टीकाकरण लगभग ना के बराबर हुआ है। देश की सत्ताधारी कम्युनिस्ट पार्टी की पोलित ब्यूरो की रविवार को बैठक हुई थी। बताया गया है कि किम ने वहां मौजूद अधिकारियों को क्वेरेंटीन नीति पर सख्ती से अमल ना करने के लिए कड़ी फटकार लगाई। उन्होंने देश में दवाओं की कमी के लिए अधिकारियों को जिम्मेदार ठहराया। अब किम खुद भी मास्क पहन कर सामने आ रहे हैं। सरकारी मीडिया के मुताबिक उत्तर कोरिया की राजधानी प्योंगयांग के आसपास जिन कुछ लोगों के सैंपल लिए गए, उनमें कोरोना वायरस के वैरिएंट ओमिक्रोन के एक सब–वैरिएंट का संक्रमण पाया गया। विश्लेषकों का कहना है कि हालांकि उत्तर कोरिया में कुल संक्रमित लोगों की संख्या 12 लाख तक बताई गई है, लेकिन यही सही संख्या है, यह नहीं कहा जा सकता। संभव है कि ऐसे भी संक्रमित लोग इससे अधिक संख्या में हों, जिनकी जांच ना हुई हो। अमेरिका स्थित स्टिमसन सेंटर के उत्तर कोरिया से जुड़े प्रभाग के निदेशक जेनी टाउन ने कहा– 'ऐसा लगता है कि नैरेटिव अपने पक्ष में रखने की कोशिश में किम कोरोना विरोधी अभियान का नेतृत्व करते दिख रहे हैं। लेकिन साथ ही वे दोष निचले स्तर के अधिकारियों पर डाल रहे हैं।' अमेरिका सरकार के पूर्व अधिकारी विक्टर चा ने वेबसाइट एक्सियोस.कॉम से कहा– 'वायरस का बेकाबू होना दु:स्वप्न के साकार होने जैसा है। इससे उत्तर कोरिया में अस्थिरता पैदा हो सकती है।' इस चिंताजनक

हाल के बावजूद उत्तर कोरिया ने अभी तक विदेशी मदद स्वीकार नहीं की है। हालांकि कुछ विशेषज्ञों का कहना है कि सरकारी मीडिया जिस तरह स्थिति की गंभीरता को बता रहा है, उससे संभव है कि किम सरकार विदेशी मदद स्वीकार करने की तैयारी कर रही हो। विदेशी मदद लेना हमेशा ही उत्तर कोरिया में एक संवेदनशील मुद्दा रहा है। लेकिन अब संभव है कि संयुक्त राष्ट्र की तरफ से आने वाली मदद को स्वीकार करने के लिए वह तैयार हो जाए। इस सदी में उत्तर कोरिया इबोला, मेर्स और सार्स जैसी महामारियों से खुद को बचाए रखने में सफल रहा था। हारवर्ड मेडिकल स्कूल में न्यूरो सर्जन की पार्क ने एक्सियोस.कॉम से कहा है– 'उन मौकों पर उत्तर कोरिया ने अपनी सीमाएं बंद कर दीं और महामारी थमने का इनकार किया।' कोविड–19 में भी दो साल इसी उपाय से उसने खुद को मोटे तौर पर बचाए रखा था। लेकिन खबरों के मुताबिक अब ये महामारी वहां 'विस्फोटक' रूप ले चुकी है।

## अतिक्रमण के सम्बन्ध में उप राजस्व आधिकारी जौनपुर द्वारा दी गयी सूचना

जौनपुर सू.वि. : अपर जिलाधिकारी भू–राजस्व रजनीश राय ने अवगत कराया है कि क्षेत्रीय पुरातत्व अधिकारी, क्षेत्रीय पुरातत्व इकाई, गुरू धाम मन्दिर परिसर, वाराणसी के पत्र द्वारा शाहीपुल जौनपुर में स्थित दुकानों के संबंध में मा० उच्च न्यायालय इलाहाबाद में दायर रिट याचिका संख्या–8979/2022 के कम में अवगत कराया गया है कि जनपद जौनपुर स्थित शाहीपुल एवं उससे सम्बद्ध दुकानें उ0प्र0 राज्य पुरातत्व विभाग द्वारा शासकीय अधिसूचना संख्या–5753/चार–10(06)/70 दिनांक 20.06.1978 के द्वारा संरक्षित घोषित की गई है। विभाग द्वारा प्रश्नगत दुकानों का न तो आवंटन किया गया है और न ही किसी भी तरह के किराये की वसूली की गयी है। प्रार्थीगण द्वारा प्रस्तुत जवाब एंव साक्ष्य के आलोक में पोषणीय नही है। उ०प्र० राज्य पुरातत्व विभाग द्वारा संरक्षित घोषित किये जाने से अब तक किराया वसूली व स्मारक एवं उससे सम्बद्ध दुकानों के सम्यक रख–रखाव आदि हेतु जिला प्रशासन के माध्यम से समुचित व्यस्था का अल्लेख किया गया है। अतः शाहीपुल जौनपुर पर स्थित राज्य पुरातत्व विभाग की दुकानों के दुकानदारों को जिला प्रशासन की ओर से अन्तिम रूप से निर्देशित किया जाता है कि बकाया समस्त किराया 18 मई 2022 तक अनिवार्य रूप से जमा करके रसीद आदि प्रस्तुत कर दें अन्यथा दुकानों को बन्द कराते हुए सील कराने की शीघ्र कार्यवाही प्रारम्भ की जायेगी।

## 24 मई 2022 को होगी साइकिल स्टैण्ड नीलामी की कार्यवाही

जौनपुर सू.वि. : अपर जिलाधिकारी भू–राजस्व रजनीश राय ने सर्वसाधारण को अवगत कराया है कि वित्तीय वर्ष 2022–23 में साइकिल स्टैण्ड कलेक्ट्रेट जौनपुर के पश्चिमी भवन के पीछे दक्षिण तरफ अधिवक्ता भवन के सामने, कलेक्ट्रेट जौनपुर के पश्चिमी भवन के पीछे उत्तर तरफ अधिवक्ता भवन के सामने एवं कलेक्ट्रेट जौनपुर में स्थित उत्तरी पार्क के उत्तर पुलिस अधीक्षक कार्यालय के बगल की साइकिल स्टैण्ड नीलामी की कार्यवाही 24 मई 2022 को कलेक्ट्रेट मीटिंग हाल में सायं 04.30 बजे की जायेगी। उक्त साइकिल स्टैण्ड की नीलामी के लिए अधिक जानकारी हेतु कलेक्ट्रेट नजारत कार्यालय से सम्पर्क कर सकते है।

## आधार प्रमाणीकरण किये जाने की प्रक्रिया शुरू

जौनपुर सू.वि. : जिला प्रोबेशन अधिकारी अभय कुमार ने अवगत कराया है कि पति की मृत्यु उपरांत निराश्रित महिला पेंशन योजना हेतु सर्वप्रथम गुगल पर sspy&up.gov.in पर जाये, यादि लाभार्थी को अपना रजिस्ट्रेशन नंबर नही पता है जो निराश्रित महिला पेंशन सेलेक्ट करके पेंशन सूची में जाये। अपना जनपद सेलेक्ट करें विकासखण्ड सेलेक्ट करें, ग्राम पंचायत सेलेक्ट करें। मजरा सेलेक्ट करें। पूरी पेंशन सूची होगी जिससे अपना रजिस्ट्रेशन संख्या नोट कर लें, अब पुनः इन्ट्रीग्रटेड पेंशन पोर्टल पर जाये तथा लाल रंग की पट्टी आधार प्रमाणीकरण के लिए फ्लैक्स हो रही है, पेंशन का प्रकार सेलेक्ट करें। विडों पेंशन चयन करें। रजिस्ट्रेशन नं0 दर्ज करें। मोबाईल नं0 दर्ज करें। कैप्चा लिखे फिर सबमिट करे, आपके मोबाईल पर ओ0टी0पी आयेगा। ओ0टी0पी0 को दर्ज करें, तथा सबमिट करें, इस प्रकार से आपका मोबाईल नं0 आनलाईन रजिस्टर्ड हो गया। अब आपको दूसरे चरण में आधार प्रमाणीकरण करना होगा, आधार प्रमाणीकरण द्वितीय चरण में होता है अब होम पेज पर जायें पेशन लॉगिन पर रजिस्ट्रेशन नं0 यूजर आ0डी0 की तरह दर्ज होगा, तथा आपका मोबाईल न0 पासवर्ड होगा, रजिस्ट्रेशन नं0 दर्ज करें, पासवर्ड के स्थान पर मोबाईल नं0 दर्ज करें, कैप्चा लिखे एवं उसके बाद सबमिट करें, आपके मोबाईल पर दुबारा ओ0टी0पी0 आयेगां। ओ0टी0पी0 दर्ज करें। तत्पश्चात सबमिट करें, यादि आपका नाम पेंशनर सूची में आधार के सामान है तो आपका रजिस्ट्रेशन के साथ–साथ आधार प्रमाणीकरण हो जायेगा, यदि पेशनर सूची में आधार से अलग होगा। यथा नाम मे उपनाम न लिखा होना या नाम के बीच स्पेस होना या अन्य त्रुटि के कारण आपका डाटा जिला प्रोबेशन अधिकारी पोर्टल पर फारवर्ड हो जायेगा, तत्पश्चात जिला प्रोबेशन अधिकारी द्वारा उसे वेरीफाई करने पर 24 घण्टे के बाद पुनः आधार प्रमाणीकरण की प्रक्रिया अपनायें, पेंशन सूची में नाम व आधार के नाम में अन्तर होने पर किसी भी दशा में दोबारा प्रयास न करें अन्यथा आपका डाटा लॉक हो जायेगा।

## समय पर जांच एवं व्यायाम से कम होंगे उच्च रक्तचाप – प्रो. वंदना राय

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के बायोटेक्नोलॉजी विभाग में मंगलवार को वर्ल्ड हाइपरटेंशन डे मनाया गया। इस अवसर पर प्रो. वंदना राय ने कहा कि भारत में प्रतिवर्ष उच्च रक्तचाप के कारण 16 लाख लोगों की मौत हो जाती है। यह बीमारी दिन प्रतिदिन भयानक रूप लेते जा रही है। व्यायाम की कमी व शहरी दिनचर्या के कारण शहरों में ग्रामीण क्षेत्र के मुकाबले अधिक लोग तनाव

के शिकार हो रहे हैं। इसे साइलेंट किलर भी कहा जाता है, क्योंकि उच्च रक्त चाप होने पर ये शरीर के सभी अंगों को प्रभावित करता है। मुख्य रूप से हृदय मस्तिष्क और किडनी को ज्यादा प्रभावित करता है। प्रतिवर्ष लाखों लोग हृदय से संबंधित बीमारियों व स्ट्रोक का शिकार होते हैं। यह युवाओं में भी चपेट में रही है। उन्होंने कहा कि इस बीमारी के लिए अनेकों दवाएं उपलब्ध है जिन्हें समय पर लेने से इस बीमारी का प्रबंधन किया जा सकता है। इस अवसर पर डॉ. प्रदीप कुमार ने कहा कि प्रतिदिन लगभग तीस मिनट से अधिक व्यायाम करने से हम पूर्ण रूप से स्वस्थ रह सकते है। एक स्वस्थ जीवन जी सकते है व प्रतिदिन आने वाले तनाव से बचने के लिए योग व सकारात्मक मानसिक स्थिति को विकसित कर हम इस रोग से बच सके है। कार्यक्रम में सभी प्रतिभागियों को इस बात की शपथ दिलाई गई की वह प्रतिदिन लगभग 30 मिनट तक शारीरिक व्यायाम अवश्य करेंगे। साथ ही अन्य लोगों को भी इस बीमारी के बारे में जागरूक करेंगे। कार्यक्रम का संचालन श्री शुभम सिंह धन्यवाद ज्ञापन अमृता चौधरी ने किया। इस अवसर पर रवि, गुरु प्रसाद अनिकेत आनंद अजय शिवम सत्यम अभिषेक शिवांगी, ओजश्विनी, सुप्रिया, श्रेया, निधि रेनू सरोजिनी प्राची साधना नंदिता, अनुराधा आदि ने प्रतिभाग किया।

## भाजपा राष्ट्रीय नेता व काशी क्षेत्र` अध्यक्ष महेश चन्द श्रीवास्तव का 22 मई को होगा जौनपुर आगमन

जौनपुर डीकेयू ब्यूरो : भाजपा के राष्ट्रीय नेता व भाजपा काशी क्षेत्र के अध्यक्ष मा महेश चन्द श्रीवास्तव जी का आगमन जौनपुर 22 मई रविवार को शाम को हो रहा है। क्षेत्रीय अध्यक्ष भाजपा वाराणसी से चलकर शाम को जौनपुर पहुचेंगे और संगत पंगत जौनपुर द्वारा अभिनंदन समारोह व कार्यक्रम में भाग लेने के उपरांत लखनऊ के लिए प्रस्थान केरेंगे। कार्यक्रम आयोजक व भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य राजेश श्रीवास्तव बच्चा भइया एडवोकेट व भाजपा नगर अध्यक्ष दक्षिणी अमित श्रीवास्तव ने बताया की क्षेत्र अध्यक्ष भाजपा काशी क्षेत्र जी के जौनपुर आगमन पर जोरदार स्वागत किया जायेगा।

facebook YouTube WhatsApp twitter Instagram

–सुविचार–
आध्यात्मिकता में सर्व समस्याओं का समाधान निहित है।
–साभार ज्ञानामृत पत्रिका

## सम्पादकीय

# हिंदुत्व और राष्ट्रवाद : दक्षिण में ताकत बनती भाजपा

वर्ष 2020 के अंत में हैदराबाद में हुए स्थानीय निकाय के चुनावों में भाजपा ने बहुत रुचि दिखाई और वहां हिंदुत्व और राष्ट्रवाद का कार्ड बेहद प्रभावी तरीके से खेला गया। उसका नतीजा यह हुआ कि भाजपा को 48 वार्डों में विजय मिली। उस चुनाव में भाजपा की शानदार सफलता ने राज्य के मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव द्वारा राष्ट्रीय स्तर पर भाजपा–विरोधी राजनीतिक गठबंधन बनाने की योजना ध्वस्त कर दी थी।

केंद्र में भाजपा की सरकार होने और उत्तर भारत में इसकी अभूतपूर्व मजबूती के बावजूद कुछ समय पहले तक भी दक्षिण भारत के ज्यादातर राज्यों में हिंदुत्व की राजनीति का कोई खास प्रभाव नहीं था। लेकिन दक्षिण भारत में आश्चर्यजनक रूप से अब भाजपा का असर दिखाई देने लगा है। निकट अतीत की एकाधिक घटनाओं ने दक्षिण में भाजपा की पैठ बढ़ाने में भूमिका निभाई है। कर्नाटक दक्षिण भारत का अकेला राज्य है, जहां भाजपा पिछले कई दशकों से मजबूत है।

उल्लेखनीय है कि के. एच. सुदर्शन, एच. वी. शेषाद्रि और दत्तात्रेय होसबोले जैसे राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शीर्ष नेता की जड़ें कर्नाटक में हैं। इस राज्य में भाजपा के ताकतवर होने का एक कारण यह भी है कि यहां कोई क्षेत्रीय पार्टी मजबूती से उभर नहीं पाई। यह आकस्मिक नहीं है कि कर्नाटक में भाजपा का उभार बीती सदी के आखिरी दशक में तब हुआ, जब वहां कांग्रेस खत्म हो रही थी। हाल के दिनों में वहां हिजाब के अलावा उठे दूसरे मुद्दों से हिंदुत्व की राजनीति के उत्तरोत्तर मजबूत होने का ही पता चलता है।

वहां विधानसभा अध्यक्ष विश्वेश्वर हेगडे ने हाल ही में यह टिप्पणी की है कि संघ परिवार से जुड़े होने का उन्हें गर्व है। इसी तरह बसवराज बोम्मई सरकार में मंत्री के. एस. ईश्वरप्पा ने कहा है कि एक दिन ऐसा आएगा, जब भाजपा का झंडा राष्ट्रीय झंडा बनेगा। गौर करने वाली बात यह भी है कि हिजाब से जुड़े विवाद के दौरान राज्य में अनेक लोगों ने खुलेआम यह कहा कि भारत एक हिंदू राष्ट्र है, इसलिए क्लासरूम में हिंदुत्व की पहचान से जुड़ी वस्तुओं के साथ हिजाब की तुलना नहीं की जा सकती।

खुद मुख्यमंत्री बोम्मई कुछ महीने पहले बजरंग दल द्वारा की गई हिंसा को घटना की प्रतिक्रिया बताते हुए सही ठहरा चुके हैं। राज्य में हिंदुत्व के बढ़ते दबदबे के कारण ही पिछले लोकसभा चुनाव में भाजपा का वोट शेयर 50 फीसदी से अधिक था। तमिलनाडु में भाजपा की वैसी उपस्थिति भले न हो, पर मौजूदा विधानसभा में पार्टी के चार विधायक हैं। भाजपा जानती है कि इस दक्षिणी राज्य में राम के नाम पर राजनीति करना कठिन है, इसलिए उसने राम की जगह मुरुगा को महत्व दिया है।

'कंडा षष्टि कवचम' विवाद से भी राज्य में भाजपा ने अपनी प्रासंगिकता बनाई है। हाल में 'पट्टिना प्रवेशम', जिसमें शैव मत के महंत को पालकी में बिठाकर कंधों पर ले जाने की परंपरा है, पर हुआ विवाद भी राज्य में हिंदुत्व के बढ़ते असर का प्रमाण है। द्रमुक सरकार ने पहले धर्मपुर मठ में इस पर प्रतिबंध लगा दिया था, लेकिन बढ़ते दबाव के कारण उसे वह प्रतिबंध हटाना पड़ा। कभी द्रमुक मंदिरों में जाने और भगवान के सामने पूजा करने की सख्त आलोचना करती थी, लेकिन अब इसी पार्टी के नेताओं को अपनी धार्मिक निष्ठा के बारे में बताते हुए हिचक नहीं होती।

लेकिन गौर करने वाली बात यह है कि तमिलनाडु के लोग हिंदू धर्म और राजनीतिक हिंदुत्व के बीच का फर्क बखूबी समझते हैं। इसके बावजूद राज्य में हिंदुत्व के बढ़ते असर से इनकार नहीं किया जा सकता। इसका बड़ा प्रमाण यह भी है कि मुख्यमंत्री के रूप में स्टालिन के एक साल के कार्यकाल की तीखी आलोचना भाजपा ने ही की है। आंध्र प्रदेश में भाजपा की वैसी उपस्थिति नहीं है, लेकिन चंद्रबाबू नायडू की टीडीपी (तेलगु देशम पार्टी) जिस तरह खुद को भाजपा की समर्थक के रूप में पेश कर रही है, उससे साफ है कि वहां हिंदुत्व की जमीन तैयार करने की कोशिश हो रही है।

यह भी कहा जा रहा है कि भाजपा की रणनीति के जरिये नायडू अपनी पार्टी का जनाधार मजबूत करने में लगे हैं। चूंकि राज्य के मुख्यमंत्री जगन मोहन रेड्डी ईसाई हैं, इस कारण नायडू उन पर धर्मांतरण को प्रोत्साहित करने का आरोप लगा चुके हैं। पिछले दिनों उन्होंने कहा, 'जगन मोहन रेड्डी बेशक ईसाई हैं, लेकिन हिंदुओं का धर्मांतरण करने के लिए राज्य के संसाधनों का इस्तेमाल करना गलत है।' जगन मोहन रेड्डी पर यह भी आरोप लगाया गया है कि उनमें हिंदू परंपराओं के प्रति कोई सम्मान नहीं है।

इसकी प्रतिक्रिया में मुख्यमंत्री रेड्डी ने नौ मंदिरों के पुनर्निर्माण की आधारशिला रखी। वर्ष 2024 में आंध्र में विधानसभा चुनाव होने वाले हैं और भाजपा का मानना है कि वहां राजनीतिक लड़ाई त्रिकोणीय होगी। जहां तक तेलंगाना की बात है, तो वहां हिंदुत्व के असर का प्रमाण यह है कि पिछले लोकसभा चुनाव में भाजपा वहां कुल सत्रह में से चार लोकसभा सीटें जीतकर सत्तारूढ़ तेलंगाना राष्ट्र समिति के बाद दूसरे स्थान पर थी। तेलंगाना में हैदराबाद हिंदुत्व के उभार का मुख्य केंद्र है।

वर्ष 2020 के अंत में हैदराबाद में हुए स्थानीय निकाय के चुनावों में भाजपा ने बहुत रुचि दिखाई और वहां हिंदुत्व और राष्ट्रवाद का कार्ड बेहद प्रभावी तरीके से खेला गया। उसका नतीजा यह हुआ कि भाजपा को 48 वार्डों में विजय मिली। उस चुनाव में भाजपा की शानदार सफलता ने राज्य के मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव द्वारा राष्ट्रीय स्तर पर भाजपा–विरोधी राजनीतिक गठबंधन बनाने की योजना ध्वस्त कर दी थी। उसके बाद राव ने अपना पूरा ध्यान तेलंगाना की राजनीति पर केंद्रित कर लिया।

तेलंगाना में रामानुजाचार्य की प्रतिमा के अनावरण को हिंदुत्व की बड़ी जीत के रूप में देखा जा रहा है। दूसरी ओर, कांग्रेस को तेलंगाना में न केवल किसी क्षेत्रीय पार्टी का समर्थन प्राप्त नहीं है, बल्कि हाल ही में उदयपुर में संपन्न चिंतन शिविर में 'एक परिवार–एक टिकट' का प्रस्ताव तेलंगाना के अनेक कांग्रेस नेताओं के लिए झटका है, क्योंकि वहां अनेक कांग्रेस नेताओं के परिजन महत्वपूर्ण पदों पर हैं। राजनीतिक विशेषज्ञों के मुताबिक, तेलंगाना में कांग्रेस की संभावनाएं क्षीण हैं।

केरल अकेला दक्षिणी राज्य है, जहां भाजपा की राजनीति अभी तक सफल नहीं हुई है। हिंदू राज्य की कुल आबादी का करीब 55 प्रतिशत हैं और वहां राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ भी लंबे समय से सक्रिय है, जिसके प्रचारक स्थानीय स्तर पर बेहद सक्रिय हैं। इसके बावजूद राज्य में भाजपा का असर न के बराबर है, क्योंकि हिंदू धर्म में आस्था होने के बावजूद वहां के लोग हिंदुत्व की राजनीति के प्रति आकर्षित नहीं हैं।

ये लेखक के अपनें विचार हैं।

# मैं तुम्हारी गोमती हूं नामक अभियान का नवां चरण सुशील सीतापुरी एवं विकास गुप्ता के नेतृत्व में आरंभ

हरदोई।( अम्बरीष कुमार सक्सेना)। ' मैं तुम्हारी गोमती हूं ' अभियान का नवां चरण हरदोई व सीतापुर जनपदों की सीमा पर स्थित गोमती व कठिना नदी के संगम से प्रारंभ हुआ। अभियान दल के सदस्य सुशील सीतापुरी व विकास गुप्ता संगम स्थल पर पहुंचे और उन्होंने लोगों से गोमती को लेकर जानकारियां हासिल की। गोमती अभियान के संयोजक सुशील सीतापुरी ने बताया कि उन्होंने हरदोई जनपद की सीमा में पड़ने वाले करनपुर घाट व पकरिया घाट का भी भ्रमण किया और स्थानीय निवासियों से गोमती से संबंधित सूचनाओं का आदान– प्रदान किया। यात्रा का पड़ाव नैमिषारण्य के पास रुद्रावर्त घाट पर हुआ। उन्होंने बताया कि चपरतला ( खीरी) की स्वयंसेवी संस्था सेवा सदन की ओर ' मैं तुम्हारी गोमती हूं '' अभियान चलाया जा रहा है जिसके अंतर्गत

आदिगंगा के घाटों धार्मिक स्थलों, मेलों, परंपराओं तथा निकटवर्ती गांवों के जनजीवन का अध्ययन किया जा रहा है। इसमें प्राप्त जानकारियों को लखनऊ से प्रकाशित शब्दसत्ता में प्रकाशित किया जा रहा है जिसे भविष्य में पुस्तक रूप में प्रकाशित किये जाने की योजना है।

# राष्ट्रीय कवि दामोदर स्वरूप विद्रोही की स्मृति में काव्य संध्या का आयोजन

हरदोई।( अम्बरीष कुमार सक्सेना) विद्रोही स्मृति न्यास द्वारा राष्ट्रीय कवि दामोदर स्वरूप विद्रोही की स्मृति में काव्य संध्या का आयोजन साउथ सिटी में विवेक विद्रोही के संयोजन में किया गया। गोष्ठी की अध्यक्षता करते हुए वरिष्ठ कवि ज्ञानेंद्र मोहन 'ज्ञान' ने नवगीत सुनाए– यूँ ही दर्पण के सम्मुख जा खड़े हो गए हम, हमने आज खंगाला अपने भीतर का मौसम। आक्रोश के कवि सुशील दीक्षित 'विचित्र' ने गजल सुनाई– गिनते–गिनते कई मशीनें फेल हुईं, कितने चढ़े नकाब हमारे शहरों में। आदमखोर अहिंसा के हैं बॉट रहे, सबको रोज खिताब हमारे शहरों में। वरिष्ठ गीतकार बृजेश मिश्रा गीत सुनाया अल्लड़ उन्मादी सी चढ़ती जवानी सी, बही प्रतिबंध सभी तोड़ कर नदी। वहां गई पर्वत को छोड़कर नदी।नवगीतकार डॉ प्रशांत अग्निहोत्री ने गीत सुनाया– जिंदगी तुम बिन मरुस्थल, रेत कण, ताप से अभिशप्त सूखा एक तृण। आ भी जाओ, है जरूरत एक सावन की। कवि और रंगकर्मी डॉ अरुण प्रताप सिंह भदौरिया ने वीर रस की कविताएं सुनाईं– हाथ में लेखनी उठा लीजिए। दिल में ज्वाला जगा लीजिए। सोई कौम को जगाने की खातिर, लहू की स्याही बना लीजिए। कवि डॉ इन्दु 'अजनबी' ने गीत सुनाया– धूल थी, आंधियां ग्रीष्म की बात थी। साथ तुम थीं तो मौसम

सुहाना लगा। बाहरी दृष्टि से देखा नई तुम लगीं, मन की आंखों से परिचय पुराना लगा। कवि कौशलेंद्र मिश्र, आशीष त्रिपाठी और प्रमोद अग्रवाल ने भी काव्य पाठ किया। गोष्ठी में मुख्य अतिथि के रुप में उपस्थित समाजसेवी राजीव गुप्ता ने कहा कि दामोदर स्वरूप विद्रोही ने अपने व्यक्तित्व और कृतित्व से जनपद का नाम रोशन किया। साहित्य की जो कीर्ति उन्होंने प्राप्त की उस पर हम सबको गर्व है। गोष्ठी में प्रमुख रूप से सोहन लाल तिवारी एवं श्रीमती सुमन गुप्ता आदि उपस्थित रहे। इससे पूर्व सभी अतिथियों ने दादा विद्रोही जी के चित्र के समक्ष पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। गोष्ठी का संचालन डॉ प्रशांत अग्निहोत्री ने तथा आभार संयोजक विवेक विद्रोही ने व्यक्त किया।

# ज्ञानवापी के बाद मथुरा की ईदगाह मस्जिद सील करने की मांग : कोर्ट में दिया प्रार्थना पत्र

मथुरा ब्यूरो : काशी की ज्ञानवापी मस्जिद के बाद अब मथुरा में श्रीकृष्ण जन्मभूमि का मामला भी तूल पकड़ता जा रहा है। श्रीकृष्ण जन्मभूमि मंदिर से सटी शाही ईदगाह मस्जिद सुरक्षा बढ़ाए जाने के साथ ही वहां आने जाने पर रोक और सुरक्षा अधिकारी को नियुक्त करने की मांग को लेकर वादी महेंद्र प्रताप सिंह ने मथुरा कोर्ट में प्रार्थना पत्र दिया है। श्रीकृष्ण जन्म भूमि मुक्ति न्यास के अध्यक्ष और कोर्ट में याचिका दाखिल करने वाले वादी महेंद्र प्रताप सिंह ने अदालत में अर्जी लगाते हुए कहा है कि जिस तरह से ज्ञानवापी मस्जिद का मामला सामने आया है, अब कृष्ण जन्म भूमि की जमीन पर बनी ईदगाह के गर्भस्थल को सील किया जाए। साथ ही डीएम व एसएसपी को आदेश दिया जाए कि वहां पर पुलिसबल तैनात करके साक्ष्य के साथ छेड़छाड़ की संभावना को रोकें। ईदगाह मस्जिद का सर्वे कराने की भी मांग बता दें मथुरा में नारायणी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष मनीष यादव, अखिल भारत हिंदू महासभा के राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष दिनेश शर्मा और श्रीकृष्ण जन्मभूमि मुक्ति न्याय के राष्ट्रीय अध्यक्ष एडवोकेट महेंद्र प्रताप सिंह ने वाराणसी की ज्ञानव्यापी मस्जिद की तर्ज पर श्रीकृष्ण जन्मभूमि व ईदगाह प्रकरण में शाही ईदगाह पर सर्वे की मांग की थी। तीनों ने ही इस संबंध में अदालत में प्रार्थनापत्र दिया, जिसमें कहा गया कि शाही ईदगाह परिसर का भी अधिवक्ता कमीशन द्वारा सर्वे किया जाना चाहिए। अदालत ने उनके प्रार्थनापत्र को स्वीकार कर एक जुलाई को

सुनवाई का निर्णय लिया है। ताकि नष्ट न किए जा सकें सबूत उन्होंने प्रतिवादियों पर आरोप लगाया है कि वह ईदगाह परिसर से उन सबूतों को नष्ट कर सकते हैं, जिनसे स्पष्ट होता है कि भगवान श्रीकृष्ण का मंदिर तोड़कर ईदगाह तैयार की गई है। इस संबंध में अधिवक्ता कमीशन गठित किया जाना चाहिए। अदालत पहुंचे मनीष यादव ने बताया कि अदालत ने अधिवक्ता कमीशन संबंधी उनकी मांग के प्रार्थनापत्र पर एक जुलाई की तारीख सुनवाई के लिए तय की है। इधर, एडवोकेट महेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि ईदगाह स्थल ही श्रीकृष्ण जन्मस्थान का गर्भ गृह है। कमीशन सर्वे करे, ताकि वहां से सबूत नष्ट न किए जा सकें। क्योंकि वहां पर मंदिर के अवशेषों से छेड़छाड़ की जा सकती है।

# पत्नी को पता ही नहीं चला, हो गया है तलाक : इंस्टाग्राम पर दिखी फोटो से खुला राज

आगरा ब्यूरो : आगरा में तलाक देने का एक अजीब मामला प्रकाश में आया है। इसमें महिला को पता ही नहीं चला कि उसके पति ने उसे तलाक दे दिया है। तलाक के बाद भी वह साथ रह रहा था। दो साल बाद दूसरे जिले में ट्रांसफर होकर जाने के बाद उसने दूरी बढ़ा ली। बीते दिनों इंस्टाग्राम पर पति को दूसरी महिला के साथ देखने पर वह ससुराल व कोर्ट पहुंची तो यह राज खुला। अब पीड़िता ने महिला थाने में पति के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है, बताया कि उसके साथ धोखा हुआ है। 2017 में हुई थी शादी थाना शाहगंज क्षेत्र की रहने वाली युवती की शादी फरवरी 2017 में थाना मलपुरा क्षेत्र के युवक के साथ हुई थी। पति सरकारी नौकरी करता था और वह शादी के समय दिल्ली में नौकरी कर रहा था। पीड़िता ने बताया कि शादी के बाद वह भी पति के साथ दिल्ली रहने लगी। पति का ट्रांसफर आगरा हुआ तो वह भी साथ में आगरा आ गई। दोनों ने शादी की वर्षगांठ और एक–दूसरे का जन्मदिन मनाया। पति ताजमहल दिखाने ले गया और शॉपिंग भी कराई। 2021 में हो गया था पति का ट्रांसफर इसके बाद पति का ट्रांसफर दिसंबर 2021 में गुवाहाटी हो गया। वह पति को छोड़ने दिल्ली एयरपोर्ट तक गई। इसके बाद छुट्टियों पर आकर पति ने उसे मायके छोड़ दिया। इसके बाद पति का व्यवहार अचानक बदल गया। फोन उठाना बंद कर दिया और मैसेज के जवाब भी नहीं दिए। इंस्टाग्राम से खुला राज पीड़िता ने बताया कि इसी बीच उसने पति को दूसरी महिला के साथ इंस्टाग्राम पर देखा तो पैरों तले जमीन खिसक गई। वह ससुराल पहुंची तो ससुराल वालों ने घर में नहीं घुसने दिया। बताया कि 2019 में ही तलाक हो चुका है। पीड़िता ने जब कोर्ट जाकर जानकारी की तो पता चला कि पति ने उसे धोखा देकर तलाक ले लिया है।

# सन्त निरंकारी मिशन द्वारा निःशुल्क प्याऊ लगाया गया

अयोध्या।(सरवन कुमार नगर संवाददाता) सन्त निरंकारी मिशन द्वारा सामाजिक सद्भाव और मिलवर्तन को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से विभिन्न जनउपयोगी आयोजन किए जाते हैं जिससे कि मानव मानव के निकट आए , एक दूसरे के काम आए। सदगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज आपसी प्यार और मिलवर्तन को बढ़ावा देने के लिए सत्संग के साथ साथ अन्य सामाजिक कार्यों में योगदान्देने की प्रेरणा देते हैं। मानव सेवा के इसी लक्ष्य की पूर्ति के लिए प्रसिद्ध तीर्थ क्षेत्र कोटवा धाम में मिशन की ओर से प्याऊ और प्रसाद वितरण का आयोजन किया गया जिसका उदघाटन अरविंद महाराज ने फीता काटकर किया अरविंद महाराज ने कहा की मानव की सेवा सर्वोत्तम सेवा है वास्तविकता में यही परमात्मा की सेवा है।सनातन से सेवा की यही रीत चली आई है। सभी में परमात्मा की उपस्थिति मानकर सबकी सेवा करना, सबका सत्कार करना ही सच्चा मानव धर्म है सन्त निरंकारी मिशन रुदौली शाखा के मुखी राम चंद्र यादव ने कहा कि सन्त निरंकारी मिशन मानव में ईश्वर की मूरत देख कर हर किसी की करने की प्रेरणा देता है। सभी सुखी हों सभी प्रसन्न हों सबके लिए सतगुरु के हृदय के यही भाव रहते हैं। सन्त निरंकारी मिशन के स्वयं सेवकों ने अपनी समर्पित सेवा से सबका मन मोह लिया। राम कुमार वर्मा जी ने अपना भरपूर योगदान दिया।

# कांग्रेसियों ने मनाया गौतम बुध का जन्मदिन

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या)कोतवाली नगर के रिकाबगंज स्थित कार्यालय कमला नेहरू भवन पर तथागत भगवान बुद्ध की जयंती पर कांग्रेस जनों ने भगवान बुद्ध का जन्म उत्सव मनाया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रुप में उपस्थित पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डॉ निर्मल खत्री ने भगवान बुद्ध के चित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलित किया।इस अवसर पर पूर्व सांसद डॉ निर्मल खत्री ने कहा तथा तथागत भगवान बुद्ध ने सत्य अहिंसा एवं करुणा का संदेश दिया।भगवान बुध्द ईश्वर के अवतार माने जाते हैं। उनका जन्म दुनिया के कल्याण के लिए हुआ था। वो अत्यंत भावुक और संवेदनशील थे।इस मौके पर पूर्व सांसद डॉ निर्मल खत्री ने कहा कि बुद्ध ने सिखाया कि प्रत्येक जीव का अंतिम लक्ष्य 'निर्वाण' की प्राप्ति है। 'निर्वाण' न तो प्रार्थना से और न ही बलिदान से प्राप्त किया जा सकता है। इसे सही तरह के रहन–सहन और सोच से हासिल किया जा सकता है।इस कार्यक्रम का संयोजन पूर्व विधानसभा प्रत्याशी रीता मौर्या ने किया।वही इस कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व जिलाध्यक्ष रामदास वर्मा तथा संचालन महानगर अध्यक्ष वेद सिंह कमल ने किया।कांग्रेस प्रवक्ता सुनील कृष्ण गौतम के अनुसार कार्यक्रम में प्रमुख रूप से रामनरेश मौर्य, चेत नारायण सिंह ,एआईसीसी सदस्य राजेंद्र प्रताप सिंह ,आईसीसी सदस्य उग्रसेन मिश्रा , पूर्व जिला अध्यक्ष रामदास वर्मा , रविंद्र त्रिपाठी, डी एन वर्मा , सेवादल अध्यक्ष बसंत मिश्रा , बाबू रामकरण कोरी प्रेमचंद मौर्य, लव–कुश मौर्या, रामजी मौर्य, बाल गोविंद मौर्य, परमानंद मौर्या, संजय गुप्ता, राजेश पांडे आदि सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

# पूर्व विधायक सीपू हत्याकांड में कुख्यात कुंटू सिंह सहित नौ दोषियों को आजीवन कारावास

आजमगढ़ ब्यूरो : पूर्व विधायक सर्वेश सिंह सीपू हत्याकांड में मंगलवार को अदालत ने अपना फैसला सुनाया। पिछले मंगलवार को न्यायाधीश रामानंद ने कुख्यात ध्रुव सिंह कुंटू सिंह समेत 9 अभियुक्तों पर दोष सिद्ध कर दिया था। 12 तारीख को फैसला सुनाया जाना था लेकिन फिर इसकी तारीख आगे बढ़ा दी गई थी। मंगलवार को कोर्ट ने ध्रुव सिंह सहित सभी नौ दोषियों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई। बताते चलें कि 19 जुलाई 2013 को पूर्व विधायक सर्वेश सिंह उर्फ सीपू सिंह की जीयनपुर कस्बा स्थित उनके आवास के सामने ही बाइक सवार बदमाशों ने गोली मार कर हत्या कर दी थी। इस मामले में पूर्व विधायक के भाई ने जीयनपुर कोतवाली में कुख्यात ध्रुव कुमार सिंह उर्फ कुंटू सिंह समेत अन्य के खिलाफ तहरीर दी थी। प्राथमिक विवेचना के बाद जीयनपुर कोतवाली पुलिस ने कुंटू समेत कुल 11 के खिलाफ आरोप पत्र न्यायालय में प्रस्तुत किया। वहीं सीबीआई की जांच में दो अन्य आरोपियों दुर्ग विजय व शिव प्रकाश का नाम भी कोर्ट में दाखिल आरोप पत्र में जोड़ दिया गया। जिसमें एक आरोपित नाबालिग होने के चलते उसकी फाइल जुवेनाइल कोर्ट भेज दी गई। दो अभियुक्त

अरविंद कश्यप व अभिषेक अभी फरार हैं, इनकी फाइल भी अलग कर दी गई है। एक आरोपित गिरधारी उर्फ कन्हैया मुकदमा के दौरान मुठभेड़ में मारा जा चुका है। शेष बचे नौ आरोपियों में शामिल कुख्यात ध्रुव सिंह उर्फ कुंटू, मृत्युंजय सिंह, दिनेश सिंह उर्फ रंपत, शिव प्रकाश उर्फ प्रकाश, राजेंद्र यादव, संग्राम सिंह, दुर्गविजय, मोहम्मद रिजवान तथा विजय यादव को मंगलवार को कोर्ट ने आजीवन कारावास की सजा सुनाई।

# 15 मई की शाम शहीद सुखदेव के नाम : खोसला

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। राष्ट्रीय सैनिक संस्था एनसीआर के संयोजक राजीव जोली खोसला के सानिध्य में शहीद सुखदेव जी के 115 में जन्म दिवस पर उनके परिवार के सदस्य अनुज और अनिल थापर और स्वतंत्रता सेनानी सपोत्र राकेश कोड़ा जी ,राजन जी , प्रो सपना बंसल, हितेश शर्मा, सोनू चंदेल अनुज शर्मा, सुशील खन्ना ,चमन नागर ,सूरज भट्ट, आरिफ देहलवी, डीके मेंदीरत्ता ,अन्य कवियों के साथ एक्स एक्स एक्स स्टूडियो निर्माण विहार में भव्य कार्यक्रम आयोजित किया जिसमें युवाओं को राष्ट्रप्रेम के प्रति शपथ दिलवाई हमारे क्या कर्तव्य है यह अनुज जी ने बताया क्रांतिकारी सुखदेव का नाम हमेशा वीर जवानों की श्रेणी में लिया जाता रहा हैं। सांडर्स हत्या का केस सम्राट बनाम सुखदेव व अन्य के नाम से चला था।सुखदेव का जन्म पंजाब के लुधियाना शहर में श्रीयुत् रामलाल थापर और श्रीमती रल्ली देवी के घर पर 15 मई 1907 को हुआ था। इनके पिता का स्वर्गवास हो जाने के कारण इनाका पालन–पोषण इनके ताऊ अचिन्तराम ने किया था।सुखदेव और भगत सिंह दोनों 'लाहौर नेशनल कॉलेज' के छात्र थे। ताज्जुब ये है कि दोनों ही एक ही साल में पैदा हुए और एक ही साथ शहीद हुए थे।सुखदेव ने भगत सिंह, कॉमरेड रामचन्द्र और भगवती चरण बोहरा के साथ लाहौर में नौजवान भारत सभा का गठन किया था। वर्ष 1926 में लाहौर में 'नौजवान भारत सभा' का गठन हुआ। इसके मुख्य सुखदेव, भगत सिंह, यशपाल, भगवती चरण व जयचन्द्र विद्यालंकार थे। 'असहयोग आन्दोलन' की विफलता के पश्चात् 'नौजवान भारत सभा' ने देश के नवयुवकों का ध्यान आकृष्ट किया। प्रारम्भ में इनके कार्यक्रम नौतिक, साहित्यिक तथा सामाजिक विचारों पर विचार गोष्ठियाँ करना, स्वदेशी वस्तुओं, देश की एकता, सादा जीवन, शारीरिक व्यायाम तथा भारतीय संस्कृति तथा सभ्यता पर विचार आदि करना था। इसके प्रत्येक सदस्य को शपथ लेनी होती थी कि वह देश के हितों को सर्वोपरि स्थान देगा। अप्रैल, 1928 में इसका पुनर्गठन हुआ तथा इसका नाम 'नौजवान भारत सभा' ही रखा गया। 8 – 9 सितम्बर, 1928 में ही दिल्ली के फिरोजशाह कोटला के प्रमुख क्रांतिकारियों की एक गुप्त बैठक हुई। इसमें एक केंन्द्रीय समिति का निर्माण हुआ। संगठन का नाम 'हिन्दुस्तान सोशलिस्ट रिपब्लिकन आर्मी' रखा गया। सुखदेव को पंजाब के संगठन का उत्तरदायित्व दिया गया। सुखदेव के परम मित्र शिव वर्मा, जो प्यार में उन्हें 'विलेजर' कहते थे, के अनुसार भगत सिंह दल के राजनीतिक नेता थे और सुखदेव संगठनकर्ता, वे एक–एक ईंट रखकर इमारत खड़ी करने वाले थे। वे प्रत्येक सहयोगी की छोटी से छोटी आवश्यकता का भी पूरा ध्यान रखते थे।सुखदेव को क्रांतिकारी लाला लाजपत राय की मौत का बदला लेने की योजना का जिम्मा सौंपा गया पुरी योजना सुखदेव के द्वारा बनाई गई थी जिसे भगत सिंह तथा राजगुरु ने अंजाम दिया। इन्होंने एक खुला खत गांधी के नाम में लिखा था जिसमें इन्होंने कुछ गम्भीर प्रश्न किये थे। जिसका जवाब उन्हें उनके जीवित रहते नही मिला। सुखदेव ने भगत सिंह व अन्य साथियों के साथ 1929 में जेल में बंद भारतीय कैदियों के साथ हो रहे अपमान और अमानवीय व्यवहार किये जाने के विरोध में भी एतिहासिक भूख हड़ताल में भी शामिल हुए। 23 मार्च 1931 की शाम 7 बजकर 33 मिनट पर सेंट्रल जेल में इन्हें फाँसी पर चढ़ा दिया गया और खुली आँखों से भारत की आजादी का सपना देखने वाले भगतसिंह – सुखदेव – राजगुरू वीरगति को प्राप्त हुए। आए हुए सभी राष्ट्र प्रेमियों नहीं देर शाम तक बैठकर राष्ट्रभक्ति की कविताएं सुनी और कुछ एनजीओ के द्वारा बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम भी पेश किए रितेश शर्मा द्वारा सही सुखदेव पर एक 15 मिनट का सोलो एक्ट भी पेश किया जिसे सुनकर सभी के सभी हैरान रह गए खुदा ने कहा कि आज भी जयचंद जिंदा है जिनकी वजह से गरम दल क्रांतिकारी वीरों को शहीद का दर्जा नहीं मिल पाया और हम राष्ट्र भक्तों का एक नियम है कि हर गरम दल क्रांतिकारी के जन्मदिन पर पुष्पांजलिऔर शहीदी दिवस पर श्रद्धांजलि देना संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष वीर चक्र प्राप्त कर्नल तेजेंद्र पाल त्यागीजी हैदराबाद में रहकर कार्यक्रम को सराया प्रेम सिंह द्वारा खूबसूरत लम्हों को कैमरे में कैद किया गया।

# योगी बाबा के बुलडोजर की गरजना से थर्रा उठा पूरा इलाका : मुक्त हुई 20 बीघा जमीन

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : योगी बाबा का बुलडोजर सोमवार को सरायख्वाजा थाना क्षेत्र के जमुहाई गांव में जमकर गरजा। प्रशासन का पीला पंजा तलाब की 20 बीघा जमीन पर बने 31 कमरा, शौचालय और दुकानों को पल भर ढहा दिया। बुलडोजर चलने से पूरे इलाके में हड़कंप मच गया। हलांकि भारी पुलिस फोर्स की तैनाती के कारण कोई विरोध करने का हिम्मत नही जुटा पाया। उधर गांव के कुछ जागरूक नागरिको ने प्रशासन के इस पहल का स्वागत करते हुए कहा कि अभी गांव के कुछ लोगो ने प्राथमिक स्कूल और चारागाह की जमीन पर भी कब्जा कर रखा है उसे भी खाली कराया जाय। सदर तहसील के जमुहाई गांव का गर्मी का पारा अन्य गांव से अधिक रहा। इस गांव में चिलचिलाती धूप व उमसभरी गर्मी के बीच एसडीएम सदर व ज्वाइंट मजिस्ट्रेट हिमांशु नागपाल, राजस्व कर्मी भारी पुलिस फोर्स के साथ जेसीबी मशीन लेकर पहुंचे तो पूरे गांव में हड़कंप मच गया। टीम ने ग्रामसमाज के तलाब के सुरक्षित रखी गयी 20 बीघा जमीन पर अवैध तरीके से अतिक्रमण करके बनाये गयी 31 भवनों ध्वस्त कराया गया। बुलडोजर की गरजना से पूरा इलाका थर्रा उठा। ज्वाइंट मजिस्ट्रेट हिमांशु नागपाल ने बताया कि तलाब के 20 बीघा की भूमि पर गांव के लोगो ने काफी समय से कब्जा करके कमरा, शौचालय, दुकान बना रखा था। जिसकी संख्या 31 थी, आज तहसील प्रशासन और पुलिस की संयुक्त टीम मौके पर पहुंचकर सभी अवैध निर्माण को ध्वस्त करा दिया। अब उस जमीन पर अमृत सरोवर अभियान के तहत इस तलाब की खुदाई कराकर सौदर्यी करण कराया जायेगा तथा यह अभियान अभी जारी रहेगा। वही प्रशासन के इस कदम को कुछ ग्रामीणों ने स्वागत करते हुए कहा कि अभी प्राथमिक विद्यालय और चारागाह की जमीन पर कुछ लोगो ने कब्जा किया है उस अवैध अतिक्रमण पर भी बाबा का बुलडोजर चलना चाहिए।

# महिला विरूद्ध अपराध में 10 वर्ष 6 माह के कारावास एवं 02 हजार रूपये जुर्माने से किया गया दण्डित

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : थाना केराकत के जघन्य/महिला के विरूद्ध अपराध में मानिटरिंग सेल जनपद जौनपुर की प्रभावी कार्यवाही एवं सम्यक पैरवी से आरोपी को विभिन्न धाराओं में कुल मिलाकर 10 वर्ष 6 माह के कारावास एवं 02 हजार रूपये के जुर्माने से दण्डित किया गया। वादी उमाशंकर कसौधन की तहरीर पर मु0अ0सं0 1540/17 धारा 498ए,304बी भा0द0वि0 व 3/4डीपी एक्ट थाना केराकत जनपद जौनपुर में मुकदमा पंजीकृत हुआ। इस जघन्य अपराध में अभियुक्त द्वारा वादी की लड़की को दहेज के लिए उत्पीड़ित करते हुए जला कर मार दिया गया था। अभियोग की विवेचना तत्परता से गुणवत्ता कायम रखते हुए पूर्ण की गयी तथा आरोपी के विरूद्ध आरोप पत्र माननीय न्यायालय में प्रेषित किया गया। महिला सम्बन्धी अपराधों पर नियंत्रण लगाने एवं अभियुक्तों को अधिकाधिक दण्डित कराने के लिए शासन द्वारा चलाए जा रहे मिशन शक्ति अभियान के तहत उक्त अभियोग को सर्वोच्च प्राथमिकता के आधार पर चिन्हित कराते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक महोदय जौनपुर द्वारा अपने निकट पर्यवेक्षण में मा0 न्यायालय में विचारण के दौरान सम्यक पैरवी एवं गवाहों का तत्परता से परीक्षण पूर्ण कराने के लिए निर्देशित किया गया। अपर पुलिस अधीक्षक नगर महोदय के कुशल नेतृत्व में मानिटरिंग सेल द्वारा सम्यक पैरवी एवं प्रभावी कार्यवाही के परिणामस्वरूप दिनांक 17.05.22 को मा0 न्यायालय अपर सत्र न्यायाधीश/ जनपद जौनपुर द्वारा आरोपी अभियुक्त महेश कसौधन पुत्र लालजी कसौधन नि0 सिपाह थाना केराकत जौनपुर को धारा 304बी भा0द0वि0 के अन्तर्गत 10 वर्ष के कारावास से, धारा 4 दहेज प्रतिषेध अधिनियम के अपराध हेतु 6 माह के कारावास व 2000/– रूपए के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया इस अपराध में अर्थदण्ड अदा न करने पर अभियुक्त 01 माह का अतिरिक्त कारावास भोगेगा। सभी सजाए साथ चलेंगी व अभियुक्त द्वारा इस मामले में जेल में बितायी गयी अवधि नियमानुसार सजा में समायोजित होगी।

# थाना बरसठी पुलिस ने बलात्कार व पाक्सो एक्ट के वांछित अभियुक्त को किया गिरफ्तार

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, जौनपुर श्री अजय साहनी के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण श्री शैलेन्द्र कुमार सिंह के पर्यवेक्षण में तथा क्षेत्राधिकारी मड़ियाहूँ श्री अशोक सिंह के नेतृत्व में आपराधियों की गिरफ्तारी, अपराध की रोकथाम के दृष्टिगत चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थानाध्यक्ष मय हमराही कर्मचारी के सहयोग से मुखबिर खास की सूचना पर दिनांक 23.12.2021 को वादी की तहरीर पर वादी की नाबालिक लड़की के साथ बलत्कार कर उसकी फोटो को वायरल करने तथा धमकी देने के आधार पर मु0अ0सं0 282/21 धारा 376/506 भादवि व पाक्सो एक्ट व 67 आईटी एक्ट पंजीकृत किया गया था, जिसमें वांछित अभियुक्त जय तिवारी पुत्र प्रमोद तिवारी निवासी जमुनीपुर थाना बरसठी जनपद जौनपुर को आज सुबह 6.15 बजे गिरफ्तार किया गया। आवश्यक कार्यवाही उपरान्त अभियुक्त को जेल भेजा जा रहा है।गिरफ्तार अभियुक्त– 1. जय तिवारी पुत्र प्रमोद तिवारी उम्र करीब 21 वर्ष निवासी जमुनीपुर थाना बरसठी जनपद जौनपुर। गिरफ्तारी करने वाली टीमः– 1. थानाध्यक्ष रामसरीख गौतम थाना बरसठी जनपद जौनपुर। 2.का0 नरेन्द्र सिंह थाना बरसठी जनपद जौनपुर। 3. का0 राहुल रजक थाना बरसठी जनपद जौनपुर।

# थाना कोतवाली पुलिस द्वारा शराब के नशे में अपनी लाईसेंसी रिवाल्वर से फायर करने वाले सहित तीन अभियुक्त गिरफ्तार

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : श्री अजय साहनी वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जौनपुर के निर्देशन में अपराध की रोकथाम एवं अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक नगर व क्षेत्राधिकारी नगर के पर्यवेक्षण एवं दिशा–निर्देशन में थाना कोतवाली पुलिस द्वारा दिनांक 16.05.22 को पालिटेक्निक चौराहे के पास अंग्रेजी शराब के दूकान के पास अभियुक्त प्रदीप कुमार सिंह पुत्र हरिहर प्रसाद सिंह निवासी कोपा थाना शाहगंज जनपद जौनपुर द्वारा शराब के नशें में अपने साथियों के साथ अपनी लाईसेन्सी रिवाल्वर संख्या– A4090/12 से तीन राउण्ड जमीन में फायर किया था। जिसके पश्चात् घटना की जानकारी होने पर त्वरित कार्यवाही करते हुए अभियुक्त प्रदीप कुमार सिंह पुत्र हरिहर प्रसाद सिंह निवासी कोपा थाना शाहगंज जनपद जौनपुर को साथी उज्जवल श्रीवास्तव पुत्र अरुण कुमार श्रीवास्तव निवासी परमानतपुर मैहर देवी गली थाना कोतवाली जनपद जौनपुर व वीर प्रताप सिंह पुत्र स्व0 नरेन्द्र प्रताप सिंह निवासी परमानतपुर थाना कोतवाली जनपद जौनपुर को आज दिनांक 17.05.20222 को कृषि भवन पार्क के सामने से गिरफ्तार किया गया तथा अभियुक्त प्रदीप कुमार सिंह के कब्जे से लाईसेन्सी रिवाल्वर नं0– A4090/12 बरामद किया गया। जिसके सम्बन्ध में थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0– 130/22 धारा– 27/30 आर्म्स एक्ट



बनाम– प्रदीप कुमार सिंह पुत्र हरिहर प्रसाद सिंह निवासी कोपा थाना शाहगंज जनपद जौनपुर पंजीकृत कर आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है। गिरफ्तार अभियुक्त 1. प्रदीप कुमार सिंह पुत्र हरिहर प्रसाद सिंह निवासी कोपा थाना शाहगंज जनपद जौनपुर 2. उज्जवल श्रीवास्तव पुत्र अरुण कुमार श्रीवास्तव निवासी परमानतपुर मैहर देवी गली थाना कोतवाली जनपद जौनपुर3. वीर प्रताप सिंह पुत्र स्व0 नरेन्द्र प्रताप सिंह निवासी परमानतपुर थाना कोतवाली जनपद जौनपुर बरामदगी एक लाईसेन्सी रिवाल्वर संख्या– A4090/12 गिरफ्तार करने वाली टीम–1. उ0नि0 रोहित कुमार मिश्रा प्रभारी चौकी सरायपोख्ता थाना कोतवाली जनपद जौनपुर। 2.का0 जितेन्द्र प्रताप सिंह थाना कोतवाली जौनपुर। 3. का0 विनय सिंह थाना कोतवाली जनपद जौनपुर।

# अतुल सक्सेना को पश्चिमी उत्तर प्रदेश की युवा इकाई का प्रदेश अध्यक्ष चुने जाने पर हर्ष व्यक्त किया

उमाकान्त श्रीवास्तव , ब्यूरो चीफ शाहजहाँपुरः अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के प्रदेश अध्यक्ष गौरव सक्सेना एवँ राष्ट्रीय नेतृत्व एवँ प्रदेश अध्यक्ष डॉक्टर इन्द्र सेन श्रीवास्तव की अनुमति से अतुल सक्सेना को चित्रांश समाज में जागरूकता एवँ एकजुटता बनाने के लिए समाज के प्रति सकारात्मक सोच तथा कार्यकुशलता को देखते हुए पश्चिमी उत्तर प्रदेश की युवा इकाई का कार्यवाहक प्रदेश अध्यक्ष मनोनीत किए जाने पर डॉक्टर अरुण कुमार वन एवं पर्यावरण मंत्री उ.प्र. सरकार , कमला निवास शास्त्री पूर्व चेयरमैन जलालाबाद , अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के जिला अध्यक्ष सरोज श्रीवास्तव , अनुज कुमार , महेश सक्सेना , राजीव सक्सेना पूर्व वार अध्यक्ष जलालाबाद , सुगम सक्सेना महामंत्री भाजपा कलान , मोहित सक्सेना , प्रशांत सक्सेना ( पूर्व सभासद ) , अमित सक्सेना सभासद जलालाबाद , पंकज सक्सेना प्रबंधक काकोरी शहीद इंटर कालेज जलालाबाद , राकेश श्रीवास्तव , अनुज जौहरी , डॉक्टर विजय जौहरी , शांत कुमार , अनुराग सक्सेना , अभिनव श्रीवास्तव आदि ने हर्ष व्यक्त करते हुए एक दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशियाँ मनाई।

# युवा कांग्रेस ने यंग इंडिया के बोल का पोस्टर किया लांच

मृत्युन्जय प्रताप सिंह गोरखपुर : भारतीय युवा कांग्रेस ने युवाओं के प्रतिभा को निखारने के लिए एक ऐसा मंच तैयार करने जा रही हैं। जिससे भारत के कोने कोने से युवा अपनी आवाज देश के समक्ष रख सके। भारतीय युवा कांग्रेस "यंग इंडिया बोल" पार्ट टू" की लांचिंग गोरखपुर जिले के प्रभारी अबू उजैर नाजिमी जी के नेतृत्व एवं महानगर अध्यक्ष आदिअंश गांधी की अध



यक्षता में गोरखपुर युवा कांग्रेस के पदाधिकारियों के द्वारा लांच किया गया। इस अवसर पर प्रदेश प्रवक्ता अबू उजैर निजामी ने कहा,कि प्रतिभा किसी की मोहताज नहीं होती है। भारत एक युवा देश है और इस देश का भविष्य युवा है। इसलिए युवाओं की प्रतिभा निखारने के लिए यंग इंडिया बोल कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है। "यंग इंडिया के बोल" के माध्यम से पूरे देश में पहले जिला स्तरीय भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा हैं। जिला स्तरीय प्रतियोगिता में चयनित अभ्यार्थियों को प्रदेश स्तरीय भाषण प्रतियोगिता में मौका मिलता हैं और प्रदेश से चयनित अभ्यर्थियों को दिल्ली में आयोजित राष्ट्रीय अस्तर की भाषण प्रतियोगिता में बोलने का अवसर प्रदान किया जाएगा।इस माध्यम से देश के कोने–कोने से तराशे हुए युवा हीरे को भारतीय युवा कांग्रेस का राष्ट्रीय प्रवक्ता नियुक्त किया जाएगा।जो देश की आवाज बनेंगे। महानगर अध्यक्ष आदिअंश गांधी ने कहा,कि भारी संख्या में युवा इस प्रतियोगिता में भाग लेकर अपने उज्जवल भविष्य की उड़ान भर सकते है। उन्होंने कार्यक्रम के आयोजन के लिए भारतीय युवा कांग्रेस के पदाधिकारियों का धन्यवाद करते हुए कहा,कि गत वर्ष के सफल आयोजन के बाद इस बार का आयोजन युवाओं की प्रतिभा को निखारने के साथ उनके सपने को साकार करेगा और देश का युवा और मजबूत बन सकेगा। कार्यक्रम में मुख्य रूप से रेल मंत्रालय सदस्य महेंद्र मोहन उर्फ गुड्डू तिवारी, दिनेश जायसवाल, अनिल सोनकर, प्रवक्ता अबू उजैर निजमी,आदिअंश गांधी आलोक सिंह, राहुल राय, अभिषेक राय गांधी, योगेश प्रताप सिंह, विख्यात भट्ट, उत्कर्ष पांडे, अविनाश भट्ट, अंकित जायसवाल मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

# थाना बदलापुर पुलिस द्वारा अवैध तमंचा 315 बोर के साथ एक अभियुक्त गिरफ्तार




जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : श्रीमान पुलिस महानिरीक्षक, कानून एवं व्यवस्था उ0प्र0 द्वारा चलाये जा रहे आपरेशन पाताल लोक के क्रम में श्रीमान् वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय साहनी जनपद जौनपुर व अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के दिशानिर्देशन में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे सघन अभियान के तहत क्षेत्राधिकारी बदलापुर के पर्यवेक्षण तथा प्रभारी निरीक्षक बदलापुर के नेतृत्व में उ0नि0 विरेन्द्र प्रताप तिवारी हमराह का0 दीपक मौर्या थाना बदलापुर जौनपुर द्वारा शांति व्यवस्था ड्युटी व संदिग्ध के तलाश मे मामूर थे कि मुखबीर की सूचना पर अवैध तमंचा का खरीद फरोख्त करने वाले व्यक्ति अरूण निषाद पुत्र ओमप्रकाश निषाद नि0 ग्राम पट्टीदयाल थाना बदलापुर जनपद को आज दिनांक 17.05.22 समय 5.40 बजे ग्राम पट्टी दयाल से एक अवैध तमंचा 315 बोर के साथ गिरफ्तार किया गया। अवैध तमंचा 315 बोर की बरामदगी के आधार पर थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 111/22 धारा 3/25 आर्मस एक्ट बनाम अरूण निषाद पुत्र ओमप्रकाश निषाद नि0 ग्राम पट्टीदयाल थाना बदलापुर जनपद के पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है। गिरफ्तार अभियुक्त – 1.अरूण निषाद पुत्र ओमप्रकाश निषाद नि0 ग्राम पट्टीदयाल थाना बदलापुर जनपद। बरामदगी का विवरण 1. एक अवैध तमंचा 315 बोर। 2. 500 रुपये नगद। गिरफ्तार करने वाली टीम – 1. उ0नि0 बिरेन्द्र प्रताप तिवारी थाना बदलापुर जनपद जौनपुर। 2.का0 दीपक मौर्या थाना बदलापुर जनपद जौनपुर।

# थाना मुगराबादशाहपुर पुलिस ने दहेज हत्या के वांछित अभियुक्ता सहित तीन अभियुक्त गिरफ्तार

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जौनपुर द्वारा वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियाना के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) तथा क्षेत्राधिकारी मछलीशहर के कुशल पर्यवेक्षण एवं दिशा निर्देशन में थाना मुगराबादशाहपुर जौनपुर पुलिस द्वारा मु0अ0सं0 113/2022 धारा 498ए/304बी भा0द0वि0 व 3/4डीपी एक्ट थाना



मुगरा बादशाहपुर जौनपुर से सम्बन्धित दो अभियुक्त व एक महिला अभियुक्ता को दविश देकर उनके घर से आज दिनांक 17/05/2022 को करीब 06.10 बजे सुबह गिरफ्तार किया गया । आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही हैं । गिरफ्तार अभियुक्त – 1. बिहारी लाल गुप्ता पुत्र संगमलाल गुप्ता उम्र करीब 65 वर्ष नि0 मोहल्ला गुड़हाई थाना मुगराबादशाहपुर जौनपुर । 2. संदीप कुमार गुप्ता पुत्र बिहारीलाल गुप्ता उम्र करीब 35 वर्ष नि0 मोहल्ला गुड़हाई थाना मुगरा बादशाहपुर जौनपुर । 3.चन्द्रलता गुप्ता उर्फ चन्दा पत्नी बिहारीलाल गुप्ता उम्र करीब 62 वर्ष नि0 मोहल्ला गुड़हाई थाना मुगरा बादशाहपुर जौनपुर। गिरफ्तारी करने वाली टीम– 1. थानाध्यक्ष सदानन्द राय थाना मुगराबादशाहपुर जौनपुर । 2. उ0नि0 दिनेश कुमार थाना मुगराबादशाहपुर जौनपुर । 3. का0 सुनील यादव थाना मुगराबादशाहपुर जौनपुर । 4. का0 चन्द्रमोहन यादव थाना मुगराबादशाहपुर जौनपुर। 5. म0आ0 श्रद्धा सिंह थाना मुगराबादशाहपुर जौनपुर।

# 141 माध्यमिक शिक्षा परिषद के विद्यालयों की हुई जांच

गोरखपुर मण्डल प्रभारी आशुतोष चौधरी : जिधिकारी विजय किरन आनंद विद्यालयों की दशा दिशा सुधारने के लिए तत्पर है जिससे पठन–पाठन व्यवस्था सुचारू रूप से संचालित हो सके शिक्षक विद्यालयों में समय से पहुंचे बगैर छुट्टी के शिक्षक अकारण घरों पर ना रुके छात्र–छात्राएं शत प्रतिशत अपने विद्यालयों में पहुंचकर शिक्षा ग्रहण कर अपने विद्यालय का मान सम्मान बढ़ाने का कार्य करें विद्यालयों में सफाई व्यवस्था बेहतर रखी जाए डीएम ने एक साथ 141 विद्यालयों का जांच करने के लिए प्रधानाचार्य प्रवक्ताओं को अलग अलग विद्यालयों में भेज कर आज शाम तक रिपोर्ट प्रेषित करने को कहा जिससे उस रिपोर्ट के आधार पर कमी पाए गए विद्यालयों पर कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके। माध्यमिक शिक्षा विभाग द्वारा संचालित 24 राजकीय एवं 117 अशासकीय सहायता प्राप्त माध्यमिक विद्यालयों का जांच करने के लिये प्रधानाचार्य व प्रधानाध्यापक एवं प्रवक्ता को नामित कर विद्यालयों के निरीक्षण के लिए भेजा जहां नामित प्रधानाचार्य व प्रवक्ता विद्यालय में पहुंचकर अध्यापकों व छात्रों की उपस्थिति पठन–पाठन सफाई व्यवस्था सहित मूलभूत सुविधाओं की जांच कर अपनी अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करेंगे रिपोर्ट के आधार पर कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी। जांच करने वालो में– प्रवक्ता कृपा शंकर सिंह, प्रवक्ता रजकीय जुबिली इण्टर कालेज, गोरखपुर राष्ट्रीय कन्या इण्टर कालेज, महुआपार, गोरखपुर गुरुकुल इण्टर कालेज मिश्ररौली, मठिया गोरखपुर डॉ० आशुतोष राय, प्रवक्ता रजकीय जुबिली इण्टर कालेज, गोरखपुर राम अधार सिंह इण्टर कालेज, डेरवा गोरखपुर राधेश्याम, प्रवक्ता रजकीय नव युग इण्टर कालेज बेदौली गोरखपुर उमा शंकर तिवारी स्मारक गर्ल्स इण्टर कालेज, मन्नीपुर किसान इण्टर कालेज भूपगढ़ गोरखपुरजुबिली इण्टर कालेज, गोरखपुर अरूण कुमार श्रीवास्तव, प्रवक्ता, राजकीय जुबिली इण्टर कालेज. गोरखपुर रामजन हा०सकेंन्द्री स्कूल उचागाव रामचन्द्र उ०मा० विद्यालय कोहरा बुजूर्ग गोरखपुर बृजेश सिंह, प्रवक्ता रजकीय जुबिली इण्टर कालेज, गोरखपुर सत्य प्रकाश शुक्ला, प्रवक्ता, राजकीय जुबिली इण्टर कालेज. गोरखपुर राष्ट्रीय उ०मा० विद्यालय रोजादरगाह, गोरखपुर पं० जवाहरलाल नेहरू उ०मा०वि० नगवा प्रेमपक्का बाजार गोरखपुर राम सुर्य सिंह इण्टर कालेज अराव जगदीश गोरखपुर नरायान इण्टर कालेजरामपुर पाण्डेय गोरखपुर राम बरन यादव, प्रवक्ता राजकीय नव भारत कृषक इण्टर कालेज मदनपुरा गोरखपुर जुबिली इण्टर कालेज, गोरखपुर प्रमोद प्रवक्ता रजकीय जुबिली इण्टर कालेज, गोरखपुर। इण्टर कालेज रमपुरवा खजनी, गोरखपुर श्री जवाहर लाल उ०मा० जाखा खजनी, गोरखपुर आदर्श इण्टर कालेज हरदीचक गोरखपुर रूप नारायण उपाध्याय, प्रवक्ता रजकीय जुबिली इण्टर कालेज इण्टर कालेज माल्हनपार, गोरखपुर विरेन्द्र कुमार सिंह, प्रवक्ता, रजकीय जुबिली इण्टर कालेज,जनता इण्टर कालेज दुबौली गोरखपुर ऋषिदेव इण्टर कालेज, पाली बॉसगॉय, गोरखपुर श्री हनुमान आचार्य कुल इण्टर कालेज धनौरा, गोरखपर डा० सतीश नारायण पाण्डेय, प्रवक्ता इण्टर कालेज कुसमील गोरखपुर रजकीय जुबिली इण्टर कालेज, गोरखपुर कछार उ०मा०विद्यालय गजपुर गोरखपुर डॉ० अविनाश पति तिवारी, प्रवक्ता रजकीय जुबिली इण्टर कालेज,स्वामी विवेकानन्द इण्टर कालेज महुजा पकड़ी गोरखपुर पंचायत इण्टर कालेज परमेश्वरपुर गोरखपुर राजेश कुमार शर्मा, प्रवक्ता, मदन मोहन मालवीय इण्टर कालज भगवानपुर गोरखपुर रजकीय जुबिली इण्टर कालेज, महातम राव स्मारक इण्टर कालेज जंगल एकला न० 2 गोरखपुर रमेश चन्द पटेल, प्रवक्ता राजकीय अभिनव विद्यालय, नेतवर बाजार, गोरखपुर दुर्गेश यादव, प्रवक्ता राजकीय अभिनव विद्यालय, नेतवर बाजार, गोरखपुर विजय कुमार सिंह, प्रधानाचार्य, राजकीय हाईस्कूल, गोपालपुर गोला, गोरखपुर सुरेश साह, प्रधानाध्यापक, राजकीय हाईस्कूल, बेलीपार श्रीमती रेमी यादव, प्रधानाचार्या, चम्पादेवी राजकीय कन्या इण्टर • कालेज, गोरखपुर श्रीमती सरिता चौहान, प्रवक्ता, राष्ट्रीय इण्टर कालेज बौलिया रेलवे गोरखपुर ए०डी०राजकीय कन्या इण्टर कालेज, गोरखपुर। श्रीमती माया सिंह, प्रवक्ता, ए०डी०राजकीय कन्या इण्टर कालेज,मुर्तजा हुसैन इण्टर कालेज घासीकटरा गोरखपुर मौलाना आजाद इण्टर कालेज नथमलपुर गोरखपुर रफी अहमद किदवई इण्टर कालेज, गोरखपुर श्रीमती विनीता, चम्पादेवी राजकीय गांधी शताब्दी इण्टर कालेज डेयरी कालोनी गोरखपुर शास्त्री उ०मा०वि० रेलवे जटपुर गोरखपुर राम नारायण लाल कन्या इण्टर कालेज गोरखपुर कन्या इण्टर कालेज, गोरखपुर श्रीमती दीप्ती पाण्डेय, प्रवक्ता,ए०डी०राजकीय कन्या इण्टर कालेज, गोरखपुर श्रीमती रश्मि प्रवक्ता ए०डी०राजकीय विवेका नन्द कन्या उ०मा०वि० शाहपुर गोरखपुर श्री विश्वेश्वर उ०मा०विद्यालय मिठाबेल गोरखपुर श्री नेहरू इण्टर कालेज अमहीया कन्या इण्टर कालेज, गोरखपुर श्रीमती गरिमा सिंह, प्रवक्ता, श्री कृष्ण कृषक उद्योग इण्टर कालेज नईयापार, गोरखपुर एण्डी०राजकीय कन्या इण्टर कालेज, गोरखपुर श्रीमती इन्द्र गिरी प्रधानाध्यापक, राजकीय हाईस्कूल, हरिहरपुर खजनी, गोरखपुर राजेन्द्र प्रसाद, उप प्रधानाचार्य, राजकीय जुबिली इण्टर कालेज, गोरखपुर पं0 दीन दयाल इण्टर कालेज, पिपराइच गोरखपुर आचार्य नरेन्द्र देव इण्टर कालेज लहसडी गोरखपुर महाराणा प्रताप कृषक इण्टर कालेज जंगल घुषण गोरखपुर एम०एस०आई०इण्टर कालेज गोरखपुर राष्ट्रीय कन्या इण्टर कालेज, बडहलगंज, गोरखपुर नेशनल इण्टर कालेज, बडहलगंज, गोरखपुर। गाँधी इण्टर कालेज, महुआधार, गारखपुर। परमेश्वरी दयाल इण्टर कालेज, कुरावल, गोरखपुर बी०एस०ए०बी०इण्टर कालेज, गोला गोरखपुर श्री मोतीलाल इण्टर कालेज दुधरा, गोरखपुर आन्नद विद्यापीठ इण्टर कालेज, ककरही गोरखपुर कौडीराम, गोरखपुर। राम रेखा सिंह इण्टर कालेज उरूवा बाजार गोरखपुर इण्टर कालेज भटौली बाजार उनवल, गोरखपुर भूमिधर इण्टर कालेज सिकरीगंज, गोरखपुर। भारतीय इण्टर कालेज, पिपरसण्डी गोरखपुर उमा प्रसाद दामोदर दास इण्टर कालेज बहुरीपार गोरखपुर गणेश शंकर पाण्डेय कटघर खजनी गोरखपुर डा० श्यामा प्रसाद इण्टर कालेज लुहसी गोरखपुर ग्रामोदय इण्टर कालेज बढ्यापार, गोरखपुर रघुराज सिंह किसान इण्टर कालेज, गगहा गोरखपुर नीन थापा इण्टर कालेज गोरखपुर कैण्ट, गोरखपुर पडित जवाहर लाल नेहरू इण्टर कालेज, बासगाव गोरखपुर आदर्श इण्टर कालेज हाटा बाजार गोरखपुर सर्वोदय किसान इण्टर कालेज कौडीराम गोरखपुर। "संस्कृत्यान इण्टर कालेज मलॉव गोरखपुर इन्द्रसना इण्टर कालेज बालापार गोरखपुर जनता इण्टर कालेज चरगवा, गोरखपुर श्रीमती इन्द्र श्रीवास्तव, प्रधानाध्यापिका, राजकीय हाईस्कूल पतरा भटहट, गोरखपुर पटेल स्मारक इण्टर कॉलेज, भटहट, गोरखपुर। दयानन्द इण्टर कालेज, खोराबार गोरखपुर महीप नारायण शाही इण्टर कालेज महावीर छपरा गोरखपुर श्रीमती अनामिका खरवार, प्रवक्ता, वीर शिवाजी इण्टर कालेज, सरहरी गोरखपुर ए०डी०राजकीय कन्या इण्टर कालेज, गोरखपुर। श्रीमती अर्चना चौधरी, प्रवक्ता, राजकीय कन्या इण्टर कालेज,किसार इण्टर कालेज आभूराम तुर्कवलिया गोरखपुर भारतीय उ०मा०विद्यालय राजावारी जसवल गोरखपुर इन्दिरा गाँधी उ०मा०विद्यालय जसवल बाजार राजाबारी गारेखपुर महात्मा गाँधी इण्टर कालेज, गोरखपुर डी०वी०इण्टर कालेज, गोरखपुर नन्द प्रसाद यादव, प्रधानाचार्य, राजकीय जुबिली इण्टर कालेज गोरखपुर दयान्नद इण्टर कालेज गोरखपुर तुलसी दास इण्टर कालेज गोरखपुर महाराणा प्रताप इण्टर कालेज गारखपुर। सेट एण्ड्रयूज इण्टर कालेज, गोरखपुर श्रीमती किरनमयी तिवारी, प्रधानाचार्या ए०डी० राजकीय कन्या इ०काव, गोरखपुर मारवाड इण्टर कालेज, गोरखपुर अभयनन्दन इण्टर कालेज, गोरखपुर सर्वेश मणि त्रिपाठी, प्रधानाध्यापक, नेहरू इण्टर कालेज, बिछिया रेलवे कालोनी, गोरखपुर राजकीय हाईस्कूल, बडीरेतवहीया चरगांवा, गोरखपुर दयानन्द गर्ल्स इण्टर कालेज, गोरखपुर एम०पी०पी आर्य कन्या इण्टर कालेज, गोरखपुर श्रीमती सुधा श्रीवास्तव, प्रधानाध्यापिका राजकीय हाईस्कूल, गोविन्दपुर पिपराइच, गोरखपुर भगवती प्रसाद कन्या महाविद्यालय, गोरखपुर इमामबाडा मुस्लिम इण्टर कालेज, गोरखपुर रमदेई इण्टर कालेज, गोरखुपर कार्मल गर्ल्स इण्टर कालेज, गोरखपुर आदर्श इण्टर कालेज बेलवार रायगंज, गोरखपुर श्रीमती रचना शर्मा प्रधानाध्यापिका राजकीय हाईस्कूल, गहीरा खोराबार, गोरखपुर लल्लन द्विवेदी जनता इण्टर कालेज, ब्रम्हपुर गोरखपुर स्वालम्बी इण्टर कालेज विशुनपुरा गोरखपुर प्रताप नारायण सिंह जनता इण्टर कालेज, बरही गोरखपुर श्रीमती रजना सिंह प्रधानाध्यापिका जनता इण्टर कालेज माडापार गोरखपुर राजकीय हाईस्कूल, रजही चरगांवा, गोरखपुर गंगा प्रसाद स्मारक इण्टर कालेज चौरी चीरा गोरखपुर महादेव प्रसाद इण्टर कालेज चौरा चौरा गारखपुर किरन कुमार ओरोतो, उप एल०पी०के० इण्टर कालेज बसडीला सरदारनगर गोरखपर प्रधानाचार्य, राजकीय जुबिली इण्टर कालेज, गोरखपुर। श्री आर०एन० भारती, उप निरीक्षक, संस्कृत पाठशालाएँ, गोरखपुर मण्डल,नेहरू स्मारक गर्ल्स इण्टर कालज चौरी चौरा गोरखपुर "श्याम कृष्ण इण्टर कालेज, थवईपार गोरखपुर श्रीमती परमा पाटन देवी इण्टर कालज मछलीगॉव गोरखपुर योगेन्द्र गुप्ता, प्रधानाध्यापक, राजकीय हाईस्कूल, नवापार किसान आदर्श इण्टर कालेज ठाकूर नगर गोरखपुर जनता इण्टर कालेज इन्दरपुर कैम्पियरगंज, गोरखपुर इन्द्रसना इण्टर कालेज बालापार गोरखपुर जनता इण्टर कालेज चरगवा, गोरखपुर श्रीमती इन्द्र श्रीवास्तव, प्रधानाध्यापिका, राजकीय हाईस्कूल पतरा भटहट, गोरखपुर पटेल स्मारक इण्टर कॉलेज, भटहट, गोरखपुर दयानन्द इण्टर कालेज, खोराबार गोरखपुर महीप नारायण शाही इण्टर कालेज महावीर छपरा गोरखपुर श्रीमती अनामिका खरवार, प्रवक्ता, वीर शिवाजी इण्टर कालेज, सरहरी गोरखपुर ए०डी०राजकीय कन्या इण्टर कालेज, गोरखपुर। श्रीमती अर्चना चौधरी, प्रवक्ता, राजकीय कन्या इण्टर कालेज,किसार इण्टर कालेज आभूराम तुर्कवलिया गोरखपुर भारतीय उ०मा०विद्यालय राजावारी जसवल गोरखपुर इन्दिरा गाँधी उ०मा०विद्यालय जसवल बाजार राजाबारी गारेखपुरमहात्मा गाँधी इण्टर कालेज, गोरखपुर डी०वी०इण्टर कालेज, गोरखपुर नन्द प्रसाद यादव, प्रधानाचार्य, राजकीय जुबिली इण्टर कालेज,गोरखपुर दयान्नद इण्टर कालेज गोरखपुर तुलसी दास इण्टर कालेज गोरखपुर महाराणा प्रताप इण्टर कालेज गारखपुर। सेट एण्ड्रयूज इण्टर कालेज, गोरखपुर श्रीमती किरनमयी तिवारी, प्रधानाचार्या ए०डी० राजकीय कन्या इ०काव, गोरखपुर मारवाड इण्टर कालेज, गोरखपुर अभयनन्दन इण्टर कालेज, गोरखपुर सर्वेश मणि त्रिपाठी, प्रधानाध्यापक, नेहरू इण्टर कालेज, बिछिया रेलवे कालोनी, गोरखपुर राजकीय हाईस्कूल, बडीरेतवहीया चरगांवा, गोरखपुर दया नन्द गर्ल्स इण्टर कालेज, गोरखपुर एम०पी०पी आर्य कन्या इण्टर कालेज, गोरखपुर श्रीमती सुधा श्रीवास्तव, प्रधानाध्यापिका राजकीय हाईस्कूल, गोविन्दपुर पिपराइच, गोरखपुर भगवती प्रसाद कन्या महाविद्यालय, गोरखपुर इमामबाडा मुस्लिम इण्टर कालेज, गोरखपुर रमदेई इण्टर कालेज, गोरखुपर कार्मल गर्ल्स इण्टर कालेज, गोरखपुर आदर्श इण्टर कालेज बेलवार रायगंज, गोरखपुर श्रीमती रचना शर्मा, प्रधानाध्यापिका राजकीय हाईस्कूल, गहीरा खोराबार, गोरखपुर लल्लन द्विवेदी जनता इण्टर कालेज, ब्रम्हपुर गोरखपुर स्वालम्बी इण्टर कालेज विशुनपुरा गोरखपुर प्रताप नारायण सिंह जनता इण्टर कालेज, बरही गोरखपुर श्रीमती रजना सिंह प्रधानाध्यापिका,जनता इण्टर कालेज माडापार गोरखपुर राजकीय हाईस्कूल, रजही चरगांवा,गोरखपुर गंगा प्रसाद स्मारक इण्टर कालेज चौरी चीरा गोरखपुर महादेव प्रसाद इण्टर कालेज चौरा चौरा गारखपुर किरन कुमार ओरोतो, उप एल०पी०के० इण्टर कालेज बसडीला सरदारनगर गोरखपर प्रधानाचार्य, राजकीय जुबिली इण्टर कालेज, गोरखपुर। आर०एन० भारती, उप निरीक्षक, संस्कृत पाठशालाएँ, गोरखपुर मण्डल नेहरू स्मारक गर्ल्स इण्टर कालज चौरी चौरा गोरखपुर "श्याम कृष्ण इण्टर कालेज, थवईपार गोरखपुर श्रीमती परमा पाटन देवी इण्टर कालज मछलीगॉव गोरखपुर योगेन्द्र गुप्ता, प्रधानाध्यापक, राजकीय हाईस्कूल, नवापार किसान आदर्श इण्टर कालेज ठाकूर नगर गोरखपुर जनता इण्टर कालेज इन्दरपुर कैम्पियरगंज, गोरखपुर कैम्पियरगंज, गोरखपुर।

# ज्ञानवापी प्रकरण प्रमाण है कि सत्य परेशान हो सकता है लेकिन पराजित नही – हिन्दू महासभा

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) काशी विश्वनाथ मंदिर में स्थित ज्ञानवापी मस्जिद का सर्वे में सत्य सामने आ ही गया ।वजू के तालाब में शिवलिंग का मिलना प्रमाणित करता है कि मंदिर के ऊपर मुगल शासक औरंगजेब ने मस्जिद का निर्माण करवाकर सनातन संस्कृति को अपमानित किया जो सदियों से जारी है । शिवलिंग मिलने पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए अखिल भारत हिन्दू महासभा के अयोध्या जिलाध्यक्ष एडवोकेट राकेश दत्त मिश्र ने कहा कि शिवलिंग का मिलना प्रमाणित करता है कि औरंगजेब के आक्रमण से पहले वहां शिव मंदिर ही था । इस सत्य के प्रकट होने पर राकेश दत्त मिश्र ने कहा कि एक बार फिर प्रमाणित हो गया कि सत्य परेशान हो सकता है किंतु पराजित नहीं । उन्होंने कहा कि जेहादियों ने इस सत्य को उजागर होने से छिपाने के लिए प्रचण्ड विरोध किया और सर्वे को रोकने का भरसक प्रयास किया , लेकिन उनके प्रयास और विरोध सत्य के सामने मिट्टी में मिल गए।राकेश दत्त मिश्र ने वाराणसी के सिविल जज रवि कुमार दिवाकर को बधाई देते हुए कहा कि वो जेहादियों की धमकियों से डरे बिना सत्य और न्याय की अवधारणा पर अडिग रहे और दुनिया के सामने आक्रमणकारी मुगलों और वर्तमान जेहादियों के झूठ का पर्दाफाश किया । यह जानकारी आज जारी बयान में हिन्दू महासभा के जिला महामंत्री भानु प्रताप सिंह ने दी । उन्होंने कहा कि आज का दिन सनातन धर्म के लिए ऐतिहासिक दिन सिद्ध हुआ और जेहादियों का सच उजागर हुआ ।भानु प्रताप सिंह ने बताया कि श्रीराम जन्मभूमि का 70 वर्ष मुकदमा लड़कर 2019 में सर्वोच्च न्यायालय से केस जीतने के तत्काल बाद ही हिन्दू महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष स्वामी चिदं्डी महाराज जी ने काशी और मथुरा को भी विधर्मियों के प्रतीकों से मुक्त करवाने का उद्घोष किया था । उसी क्रम में हिन्दू महासभा ने अन्य हिन्दू संगठनों के सहयोग से वाराणसी और मथुरा में दो अलग अलग वाद दायर किया । वाद में श्रीराम जन्म भूमि प्रकरण में हिन्दू महासभा के अधिवक्ता रहे हरिशंकर जैन को ही अपना अधिवक्ता नियुक्त किया।हिन्दू महासभा के वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष रामधन निषाद प्रधान जी ने कहा कि काशी और मथुरा में विजयश्री का वरण करने के बाद हिन्दू महासभा मुगल शासनकाल में बनी सभी मस्जिदों का सर्वेक्षण करवाकर सत्य उजागर करने और मंदिरों को तोड़कर बनाई गई सभी मस्जिदों को ध्वस्त करवाने और मंदिरों को मुक्त करवाने का अभियान आरम्भ करेगी । रामधन निषाद हिन्दू महासभा की विचारधारा के महानायक उत्तर प्रदेश के मुख्य मंत्री योगी आदित्यनाथ को उनके कार्यकाल में ज्ञानवापी मस्जिद का काला सच उजागर होने पर बधाई दी और कहा कि उनकी इच्छाशक्ति के बिना यह सम्भव नही हो सकता था । हिन्दू महासभा की महिला सभा की जिला महामंत्री रेनू सिंह, जिला मंत्री राहुल निषाद, जिला संगठन मंत्री हेमंत निषाद, जिला उपाध्यक्ष एडवोकेट विनोद निषाद, जिला मंत्री एडवोकेट कौशलेंद्र सोलंकी ने भी ज्ञानवापी में शिवलिंग के प्रकट होने पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए देश के समस्त सनातनियों को बधाई दी और उत्सव मनाने का आह्वान किया।हिन्दू महासभा के प्रदेश अध्यक्ष ऋषि त्रिवेदी ने अपनी प्रतिक्रिया में कहा कि हिन्दू महासभा के अधिवक्ता हरि शंकर जैन और उनके पुत्र विष्णु जैन ने जेहादियों की धमकियों से निडर होकर केस की पैरवी की और सिविल जज रवि कुमार दिवाकर ने निडर होकर निर्णय दिया , वो न्यायिक व्यवस्था के इतिहास में स्वर्णिम अक्षरों में अंकित होगा । उन्होंने आशंका जताई है कि सदियों से दफन सत्य के उजागर होने से बौखलाए जेहादी सिविल जज रवि कुमार दिवाकर , अधिवक्ता हरिशंकर जैन , अधिवक्ता विष्णु जैन और पांचों याचिकाकर्ता महिलाओं पर जिहाद की आड़ में जानलेवा हमला कर सकते हैं । उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से इन सभी को जेड प्लस सुरक्षा मुहैया करवाने की मांग की है।हिन्दू महासभा के महानगर अध्यक्ष मुकेश निषाद रेड्डी ने कहा कि ज्ञानवापी मस्जिद का काला सच उजागर होने से जेहादियों के भारत को इस्लामिक राष्ट्र बनाने के अघोषित मिशन को बड़ा झटका लगा है । जेहादी बदले की भावना से देश में बम धमाके जैसी घटनाओं को अंजाम देने का प्रयास कर सकते हैं । उन्होंने हिंदुओं से जेहादियों से सतर्क रहने और पुलिस की आंख कान और नाक बनकर पुलिस का सहयोग करने का आह्वान किया । उन्होंने योगी आदित्यनाथ से विधानसभा में मस्जिद की जगह मंदिर निर्माण का विधेयक पारित करने की मांग की।

## प्राइवेट बस संचालन विवाद में हुए जानलेवा हमले में एक गिरफ्तार

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) जनपद की गोसाईगंज थाना पुलिस ने प्राइवेट बस के संचालन में हुए विवाद के चलते युवक के हत्या के प्रयास के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है।इस संबंध मे क्षेत्राधिकारी सदर शैलेन्द्र प्रताप गौतम ने बताया कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शैलेश कुमार पाण्डेय के निर्देश पर जनपद पुलिस की ओर से अपराध एवं अपराधियों पर प्रभावी नियंत्रण को लेकर चलाये जा रहे विशेष अभियान के तहत गोसाईगंज थाना पुलिस ने मड़हापुल के पास से मिन्टू सिंह उर्फ हरिकेश सिंह निवासी राजेपुर थाना महराजगंज को गिरफ्तार किया है। इसके खिलाफ गोसाईगंज थाने में हत्या के प्रयास का मुकदमा दर्ज कराया गया था। पुलिस ने पकड़े गए आरोपी का चालान किया है। क्या थी वारदात ? पिछले सोमवार की रात कार से शहर मुख्यालय आ रहे आ रहे अभिषेक को टंडौली रेलवे क्रासिंग के पास पीछे से आये बाइक सवार दो लोगों ने गोली मार दी थी और मौके से फरार हो गए थे। पीठ में गोली लगने से घायल अभिषेक को उसके साथियों ने जिला चिकित्सालय पहुंचाया था, जहां से चिकित्सकों ने उसको लखनऊ ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया था। बताया गया था कि गोली लगने से घायल अभिषेक पांडेय निवासी भीमपुरा जनपद बलिया अपने रिश्तेदार गोसाईगंज थाना क्षेत्र के बेलवारी खान गांव निवासी सतीश पांडेय गुड्डू और एक अन्य साथी के साथ कार से वापस अयोध्या आ रहा था। वारदात उस समय अंजाम दी गई जब रात लगभग 11 बजे टंडौली रेलवे क्रासिंग के समीप हाईवे किनारे सभी कार खड़ी कर पेशाब कर रहे थे। मामले में सतीश ने अपने रिश्तेदार अभिषेक के सहयोग और देखरेख में बस्ती व लखनऊ के बीच दो बसों के संचालन की बात कही थी और राजेपुर गाँव निवासी हरिकेश उर्फ मिंटू सिंह व विवेक उर्फ सिड्डू सिंह पर खुद को विधायक का खास बताकर रंगदारी मांगने और देवकाली बाईपास पर बस को रोककर रंगदारी वसूलने की कोशिश में ड्राइवर व कंडक्टर से गाली–गलौज के साथ अंजाम भुगतने की धमकी दी थी। मामले में तहरीर मिलने के बाद पुलिस ने केवल गैर इरादतन हत्या की धारा में नामजद मुकदमा दर्ज किया था।

## महिला खत्री सभा ने रेलवे स्टेशन पर लगाया जल प्याऊ कैम्प

अयोध्या।(डाक्टर आलोक श्रीवास्तव अयोध्या संवाददाता) इस समय भीषण गर्मी व तपिश को देखते हुए अयोध्या कैंट रेलवे स्टेशन पर महिला खत्री सभा अयोध्या फैजाबाद द्वारा दूरदराज से यात्रा कर रहे हजारों रेल यात्रियों को ठंडा जल बिस्कुट मिठाई आदि सामग्री लेकर राहत देने का कार्य किया गया।जो काफी सराहनीय कार्य रहा।इस मौके पर जल वितरण कार्यक्रम की जानकारी देते हुए खत्री सभा अयोध्या फैजाबाद के अध्यक्ष संजय महिंद्रा ने बताया कि भीषण गर्मी से बचाव के लिए समाज की महिलाओं को पुरुषों द्वारा अयोध्या कैंट रेलवे स्टेशन पर बड़ी संख्या में उपस्थित होकर सामग्री वितरण की गई महिलाओं को पुरुषों की टीमों ने रेल के डिब्बों में पहुंचकर खासतौर पर बच्चों पर विशेष ध्यान देते हुए उनसे संबंधित खाद सामग्री दी गई महिला खत्री सभा की अध्यक्ष श्रीमती बबीता साहनी ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम करके हम सब पुण्य के भागी होते हैं समाज के और लोगों को भी आगे आकर ऐसे कार्यक्रम निश्चित तौर पर आयोजित करना चाहिए रेल यात्रियों को ठंडा जल खाद्य सामग्री कल 17 मई को भी ऐसे कार्यक्रम करके आयोजित की जाएगी भारत स्काउट गाइड के आयुक्त अनूप मल्होत्रा द्वारा एक माह कार्यक्रम चलाए जाने की सराहना करते हुए बधाई दिया गया जल वितरण कार्यक्रम में मुख्य रूप से खत्री सभा के अध्यक्ष संजय महिंद्रा महिला को फ्री सभा अध्यक्ष बबीता साहनी खत्री सभा के महामंत्री डीसी टंडन महिला महामंत्री सुचिता भल्ला खत्री सभा के सचिव सुप्रीम कपूर श्रीमती मीनू कपूर संजय भल्ला कामिनी टंडन सरिता महिंद्रा पूनम मेहरोत्रा प्रभा महिंद्रा रितु साहनी अंशु मेरा मुस्ता कपूर सहित बड़ी संख्या में समाज की महिला व पुरुष शामिल थे तथा स्काउट गाइड के प्रशिक्षक शिवम मिश्रा श्रद्धा तिवारी सुचिता यादव हर्षित सहित उनकी पीढ़ी पूरी टीम को पूर्ण रूप से मदद किए जाने के लिए बधाई दिया।

# बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर सारनाथ मंदिर और बौद्ध स्तूप पर पीएसी ब्रास बैंड की हुई मधुर वादन प्रस्तुति

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या)34 वी पीएसी बटालियन वाराणसी पीआरओ सेल के मुताबिक पीएसी के ब्रास बैंड ने अपनी मधुर धुनों से आमजन में देश भक्ति की भावना का अलख जगाने हेतु आज बुद्ध पूर्णिमा के पावन अवसर पर मूल गंध कुटी विहार और बौद्ध स्तूप पर राष्ट्रीयता से ओतप्रोत धुनों का सुंदर वादन प्रस्तुत किया।बड़ी संख्या में उपस्थित श्रद्धालुओं एवं विदेशी पर्यटकों के अनुरोध पर 34वीं वाहिनी एवं 36वीं वाहिनी के संयुक्त बैंड ने 'बुद्धम शरणम गच्छामि" एवं अन्य धुनों का वादन कर उपस्थित श्रोताओं का मन मोहा।वहीं वहाँ पर उपस्थित श्रद्धालुओं एवं आमजन ने पीएसी बल के जवानों के मधुर एवं उत्कृष्ट प्रदर्शन की सराहना करते हुए जोरदार तालियां बजाकर उनका उत्साहवर्धन किया।इस मौके पर सेनानायक डॉ राजीव नारायण मिश्र आईपीएस ने बताया कि पीएसी बल का यह ब्रास बैंड शहर के विभिन्न ऐतिहासिक स्थलों, राष्ट्रीय स्मारकों एवं शहीद स्मारकों





पर जाकर वादन के माध्यम से लोगों में देशभक्ति की भावना व कर्तव्य परायणता को जागृत करने का कार्य अनवरत रूप से कर रहा है। 34वीं वाहिनी के बैंड का नेतृत्व हवलदार मेजर सदरुद्दीन द्वारा तथा 36वीं वाहिनी के बैंड का नेतृत्व हवलदार मेजर अब्दुल कादिर के द्वारा किया गया।

## एक शाम रूदौली की एकता के नाम : आल इंडिया मुशायरा सम्पन्न

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) एक शाम रुदौली की एकता के नाम पर आल इंडिया मुशायरा और कवि सम्मेलन का आयोजन रुदौली नगर के बारह मासी पौशाला रौंझ घाट रोड के निकट किया गया।जिसकी अध्यक्षता शमीम हैदर रुदौलवी और संचालन मुल्क के मशहूर शायर वासिफ फारूकी ने किया।इस सम्मेलन का शुभारम्भ आए हुए सभी शायरों,कवियों व अतिथियों का माल्यार्पण कर किया गया।सर्व प्रथम मशहूर जमील शेखाबादी ने अपने संगीतमयी अन्दाज से समा को शायराना कर दिया। उन्होंने पढ़ा– बहुत बुलन्द फजा में तेरी पतंग सही, मगर ये सोच कभी डोर किसके हाथ में है।भारत के मशहूर शायर शोएब निजाम ने पढ़ा– ये धुंध ये गुबार छटे तो पता चले सूरज का हाल रात कटे तो पता चले चेहरों के ख़द–ओ–ख़ाल सलामत हैं या नहीं अब आईनों से गर्द हटे तो पता चले।इसी कड़ी में इस सम्मेलन का संचालन कर रहे प्रसिद्ध शायर वासिफ फारुखी ने पढ़ा–बगैर शब्दों की एक रचना सुना रही हैं तुम्हारी आँखें तुम्हारे सीने में क्या तड़प है बता रही हैं तुम्हारी आँखें।इसके बाद शाह खघलिद मऊ,रुकसार बलरामपुरी, चाँदनी सबनम,नंदनी आजमी,उस्मान मीनाइ व वसीम रामपुरी,शाहिद जमाल,मसरूर अल्वी,अंजनी कुमार शेष,विकास बौखल,शाह खालिद,असलम घूरनपुरी,बेढब जरवली,रुखसार बलरामपुरी,गुले सबा सहित कई शायर शायरा व कवि लोगों ने अपनी अपनी कवितायें व शायरी पढी। नगर पालिका चेयरमैन ने सफल आयोजन पर कहा कि रुदौली नगरपालिका द्वारा हर वर्ष 15 अगस्त को ऑल इंडिया मुशायरा व कविसम्मेलन का आयोजन किया जाएगा।सम्मेलन में पहुँचे लायंस क्लब के डिस्ट्रिक्ट चेयरमैन व समाजसेवी डा. निहाल रजा ने सफल आयोजन की बधाई देते हुए कहा रुदौली की एकता को मजबूत करने वाले आयोजन नित्य आयोजित होने चाहिए।इस कार्यक्रम में भाजपा नगर अध्यक्ष शेखर गुप्ता,शाह मसऊद हयात गजाली,मो. इरफान,शाेएब अख्तर,प्रदीप यादव,मो. फैजान,रियाज अंसारी,आशीर्वाद गुप्ता सहित तमाम लोग उपस्थित रहे।आयोजक में ई0 आमिर अहमद,मो. मुबीन,सलीम हमदम रुदौलवी,काविश रुदौलवी,मो. आसिम व सगीर अहमद खां ने मुख्य भूमिका निभायी।

## उच्चस्तरीय टीम–नाईन को मुख्यमंत्री ने दिये दिशा निर्देश

अयोध्या।(डाक्टर अजय तिवारी जिला संवाददाता) ट्रैक, टेस्ट, ट्रीट और टीकाकरण की नीति के सफल क्रियान्वयन से उत्तर प्रदेश में कोविड पर प्रभावी नियंत्रण बना हुआ है। वर्तमान में प्रदेश में कुल 1097 एक्टिव केस हैं। पिछले 24 घंटे में पूरे प्रदेश में 138 नए केस की पुष्टि हुई, जिसमें, गौतमबुद्ध नगर में 70, गाजियाबाद में 20, लखनऊ में 11 नए केस शामिल हैं। इसी अवधि 186 लोग स्वस्थ भी हुए। जिन जिलों में केस अधिक मिल रहे हैं वहां सार्वजनिक स्थानों पर फेस मास्क लगाया जाना अनिवार्य है। इसे लागू करएं। लोगों को जागरूक करें। पॉजिटिव पाए गए लोगों के स्वास्थ्य पर सतत नजर रखी जाए। उत्तर प्रदेश में कोविड टीके की 32 करोड़ से अधिक डोज लगाई जा चुकी है। जबकि 11 करोड़ 29 लाख से अधिक कोविड टेस्ट भी किए जा चुके हैं। 18 आयु की पूरी आबादी को टीके की कम से कम एक डोज लग चुकी है, जबकि 90.53: वयस्क लोगों को दोनों खुराक मिल चुकी है। 15 से 17 आयु वर्ग में 96.24: से अधिक किशोरों को पहली खुराक मिल चुकी है और 71.67: से किशोरों को दोनों डोज लग चुकी है। 12 से 14 आयु वर्ग में 75.20: से अधिक बच्चे टीकाकवर पा चुके हैं, इन्हें दूसरे डोज लगाया जाना भी शुरू हो चुका है। कई जनपदों में बच्चों के टीकाकरण और वयस्कों के बूस्टर डोज लगाए जाने को और तेज किए जाने की जरूरत है एम्बुलेन्स संचालन से जुड़े कार्मिकों के विशेष प्रशिक्षण की आवश्यकता है। पीड़ितघायल लोगों के साथ अतिरिक्त संवेदनशीलता बरती जानी चाहिए। एम्बुलेंस के रेस्पॉन्स टाइम को कम से कम करने के लिए तकनीक का सहारा लिया जा सकता है। वॉलंटियर्स को भी इस कार्य से जोड़ना होगा। सभी बहुमंजिला भवनों, अस्पतालों, शॉपिंग कॉम्प्लेक्स आदि में अग्निशमन व्यवस्थाओं का सघन निरीक्षण किया जाए। पूरे प्रदेश में तत्काल अभियान चलाकर यह कार्य किया जाए। सभी फायर स्टेशन पूरी मुस्तैदी से कार्यरत रहें। सड़क सुरक्षा के व्यापक महत्व को देखते हुए पुलिस, यातायात, बेसिक शिक्षा, माध्यमिक शिक्षा, प्राविधिक शिक्षा, उच्च शिक्षा, परिवहन, नगर विकास, पीडब्ल्यूडी आदि संबंधित विभागों के परस्पर समन्वय के साथ जागरूकता अभियान की कार्ययोजना तैयार की जाए। 18 मई को इस कार्ययोजना के साथ प्रदेश के सभी नगरीय निकायों के जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों के साथ संवाद होगा, जिसके उपरांत सड़क सुरक्षा अभियान प्रारंभ होगा। बेसिक और माध्यमिक स्कूलों में बच्चों को यातायात नियमों के पालन के लिए विशेष प्रयास किए जाने की जरूरत है। ट्रैफिक नियमों के पालन का संस्कार बच्चों को शुरुआत से ही दी जानी चाहिए। यातायात नियमों के संबंध में प्रधानाचार्यों/प्राचार्यों/विश्वविद्यालय के प्रतिनिधियों का प्रशिक्षण कराया जाए। अभिभावकों के साथ भी विद्यालयों में बैठक हो। स्कूली बच्चों द्वारा जागरूकता विषयक प्रभात फेरी निकाली जानी चाहिए। लोगों को ट्रैफिक नियमों की जानकारी देते हुए पालन करने के लिए जागरूक किया जाए। सड़कों पर स्पीड ब्रेकर की खराब डिजाइन आए दिन दुर्घटनाओं का कारक बनती है। इस दिशा में विशेष ध्यान दिए जाने की जरूरत है। फिटनेस के मानकों पर फेल बसों को किसी भी दशा में सड़क पर न चलने दिया जाए। आगामी 03 जून को 75 हजार करोड़ की निवेश परियोजनाओं के साथ प्रदेश में तीसरी ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी होने जा रही है। आयोजन के लिए सभी तैयारियां समय से पूरी कर ली जाएं।

# गौशालाओं में भूख प्यास से बेहाल हैं गौवंश : सीएम योगी जी की मन्शा पर फिर रहा पानी

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) प्रदेश सरकार की ओर से बेसहारा पशुओं की देखभाल के लिए लाखों खर्च कर जगह–जगह पशु आश्रय स्थल का निर्माण कराया गया है ।पशुओं को खाने के लिए हरा चारा भूसा की व्यवस्था की गई है इसके बाद भी धरातल पर जिम्मेदार पलीता लगा रहे हैं।इसके वावजूद सूत्र के मुताबिक गौशाला में पर्याप्त मात्रा में हरे चारे की व्यवस्था नहीं है और ना ही भूसे की ही व्यवस्था है। ऐसे में गोवंश भूख से तड़पने को विवश है। मिल्कीपुर तहसील क्षेत्र के परसवां में लगभग 150 गोवंश है जिनको खाने के लिए लगभग 2 कुंटल भूसा एवं 2 बोरी चूनी चोकर रखा हुआ है ।पत्रकारों की टीम जब परसवां गौशाला आश्रय अस्थल पर दोपहर में पहुंचकर देखा तो वहां पर एक ठेले पर लगभग डेढ़ सौ मवेशियों को खिलाने के लिए चरी मंगाई गई थी जिसे बिना कटाई के ही खुले आसमान में फेंक दिया गया ।थोड़े से हरे चारे के लिए छोटे बड़े सभी गोवंश अपना पेट भरने के लिए संघर्ष करते दिखे। पशुओं की देखरेख के लिए लगे केयरटेकर काली प्रसाद, रामअधार, खुशीराम बताया कि यदि हम चारा कटाई करके देते हैं तो सभी पशुओं के पास नहीं पहुंच पाएगा लेकिन जब हम इसे खड़े ही जमीन पर बिखरा देंगे तो थोड़ा–थोड़ा सभी को मिल जाएगा। वही लगभग 8 से 10 की संख्या में गाय के छोटे छोटे बछड़े हैं जिनके लिए पानी की कोई व्यवस्था नहीं दिखाई दी। हरे चारे भी उनके पहुंच से दूर हैं। केंद्र पर मौजूद केयरटेकर से जब पशुओं की उपस्थिति पंजिका के बारे में जानकारी चाही गई तो उन्होंने कहा कि पशुओं के उपस्थिति पंजिका का कोई रजिस्टर नहीं है। इस संबंध में जब खंड विकास अधिकारी मिल्कीपुर मनीष के मौर्या से जानकारी चाही गई तो उन्होंने कहा कि आज मैं 10:00 बजे स्वयं मौके पर गया था भूसा नहीं है भूसा मंगवाया गया है शाम तक आ जाएगा । हरा चारा पशुओं को दिया जा रहा है। मेरे सामने तीन ठेला हरा चारा पशुओं के लिए आया था जबकि वहां पर मौजूद केयरटेकरों का कहना है कि एक ठेला दोपहर का तथा एक ठेला शाम हरा चारा खड़ा ही दिया जाता है।

## मशहूर भोजपुरी फिल्म निर्माता बब्लू पंडित ने अपने 25 वीं सालगिरह पर नालायक और छोटकी दुल्हिन का किया अनाउंस

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) मशहूर भोजपुरी फिल्म निर्माता जनार्दन पाण्डेय उर्फ बब्लू पंडित ने अपनी शादी की 25 वीं सालगिरह के शुभ अवसर पर भोजपुरी की 2 फिल्म का अनाउंस किया।जिसमें पहली फिल्म नालायक में गुंजन सिंह मुख्य भूमिका में नजर आयेंगे।बाकी सभी कलाकार को चयनित करना बाकी है जिसके निर्देशक एवं लेखक गौरव पटेल उर्फ गुड्डू है। सह निर्माता के रूप में विनय प्रकाश तिवारी,ओमप्रकाश सिंह एवं राकेश कुमार है वहीं इस फिल्म का संगीत आर्य शर्मा दे रहे हैं साथ ही इस फिल्म का छायांकन डी .के शर्मा मारधाड़ दिनेश यादव फिल्म का पटकथा लेखन गौरव पटेल गुड्डू और नन्हे पांडे हैं। वहीं दूसरी फिल्म छोटकी दुल्हिन इस फिल्म का भी निर्देशन गौरव पटेल गुड्डू ही कर रहे हैं इस फिल्म के को– प्रोड्यूसर के रूप में विनय प्रकाश तिवारी ,ओमप्रकाश सिंह, राकेश कुमार हैं तथा इस फिल्म का संगीत ओम झा एवं आर्य शर्मा दे रहे हैं इस फिल्म का छायांकन प्रमोद पांडे एवं लेखक प्रकाश तिवारी तथा एक्शन डायरेक्टर दिनेश यादव है। इस फिल्म के कलाकारों का चयन





अभी बाकी है बहुत जल्द ही इस फिल्म के कलाकारों का चयन कर लिया जाएगा । पी आर ओ अरविंद मौर्या। आपको हम बताते चलें जनार्दन पाण्डेय उर्फ बब्लू पंडित इस फिल्म से पहले इन्होंने गुंजन सिंह अभिनीत हमार परिवार हमार संसार सुपरहिट फिल्म बना चुके हैं। बातचीत के दौरान जनार्दन पांडे उर्फ बब्लू पंडित जी ने बताया कि हम अच्छी अच्छी भोजपुरी फिल्म एवं समाज को कुछ नई दिशा देने की कोशिश कर रहे हैं की भोजपुरी समाज के लोग भी अपने आप को गौरवान्वित समझे तथा उनको अपने भाषा की फिल्मों पर गर्व हो सके। और आपको बता दे कि इस अवसर पर गायक अभिनेता विवेक पाण्डेय के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया किया गया।

## गड्ढा युक्त सड़क पर चलना मुहाल : आखिर कब सुधरेगी सड़कों की हालत

अयोध्या।(डाक्टर अजय तिहारी जिला संवाददाता) जिले के रुदौली क्षेत्र के प्रमुख मार्ग अपनी बदहाली पर आसू बहा रहा है।इस क्षेत्र में जगह जगह गड्ढे व टूटी सड़को पर चलना राहगीरों के लिए मुसीबत बना हुआ है।यह हाल है रुदौली नगर की दरगाह मार्ग व प्रमुख संपर्क मार्ग अमानी गंज रुदौली व मवई नेवरा का।इसी मार्ग से रोजाना हजारों लोगों का आवा गमन लगा रहता है।इस मार्ग की बदहाली के कारण आए दिन निकलने वाले रहगीरो व स्कूली बच्चों को बड़ी मुश्किलों का सामना करना पड़ता है।यही नहीं गाड़ी,मोटर और पैदल चलने वाले भी काफी परेशानियों का सामना उठा रहे हैं।टूटी हुई सड़क व जगह जगह गड्ढे होने से जान जोखिम पर बना रहता है।लेकिन विभागीय अधिकारियों व जिम्मेदारों का ध्यान इस ओर नही जा रहा।वही नेवरा मवई संपर्क मार्ग कई मार्गों में महत्व रखता है,क्यों कि यह ब्लॉक,अस्पताल,थाना, स्कूल,कॉलेज व कई प्रमुख मार्गो को जोड़ने वाला संपर्क मार्ग है।इस मार्ग की मरम्मत न होने से लोगो में रोष व्याप्त है।आपको बता दें कि उक्त मार्गों पर विखरी हुई गिट्टिया व जगह जगह गड्ढे बड़े हादसे को दावत दे रहे हैं।कुछ लोगो ने बात करते हुए कहा कि यह मार्ग आराम के बजाए कष्ट दायक बना हुआ है।क्षेत्रीय लोगो ने सरकार व विभागीय अधिकारियों से संपर्क मार्ग को जल्द से जल्द ठीक कराने की मांग करते हुए आवाज उठाई।इससे पहले भी कई बार लोगो ने आवाज उठाई लेकिन विभागीय अधिकारियों की नींद नहीं खुली।

### विभिन्न संस्थानों में मनाई गई महात्मां बुद्ध की जयंती

अयोध्या।(सरवन कुमार नगर संवाददाता) जिले के शिक्षण संस्थान में बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर महात्मा गौतम बुद्ध की जयंती मनाई गई।इसमें बच्चों ने महात्मा बुद्ध के जीवन चरित्र पर नाटक प्रस्तुत किया इस में बुद्ध जी के जीवन के प्रत्येक घटनाक्रम को दर्शाया गया गौतम बुद्ध के दर्शन को नव्या कार्तिकेय ने जीवंत करते हुए बुद्धम शरणम गच्छामि धम्मम शरणम गच्छामि का विस्तार से चित्रण किया विद्यालय की प्रधानाचार्य संतोष गर्ग ने सभी बच्चों को बताया जिस प्रकार एक घायल हंस की सेवा सिद्धार्थ गौतम बुद्ध ने की उसी प्रकार हम सब को प्रत्येक जीवो पर दया करनी चाहिए अहिंसा परमो धर्मः का सार बताते हुए प्रत्येक जी भगवान की संतान है कभी किसी को अपने कार्यों द्वारा दुःखी नहीं करना चाहिए जितना हो सके उतना ज्यादा ज्यादा सब की सहायता करनी चाहिए इस अवसर पर अध्यापिका रविंदर कौर संगीता आरोडा शालनि श्रीवास्तव प्रिया गुप्ता सहित विद्यालय परिवार के समस्त सहयोगी एवं अभिभावक गण उपस्थित रहे।

## राज ठाकरे का राम लला दर्शन राजनीति से प्रेरित : राजेश सिंह मानव

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) सिविल लाइन स्थित प्रेस क्लब में एक प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए समाजसेवी राजेश सिंह मानव ने कहा मनसे प्रमुख राज ठाकरे का राम लला दर्शन राजनीति से प्रेरित प्रतीत होता है, राजनैतिक महत्वाकांक्षा छोड़ना राजनेताओं के लिए दुस्तर है. नहीं तो असली नकली का प्रश्न ही नहीं था. पद प्रतिष्ठा वैभव को त्याग कर ही संत, देव दर्शन का तरीका (विधान) मार्ग सही है. निर्मल मन जन सो मोहि भावा, मोहि कपट छल छिद्र न भावा" राम लला के दर्शन निमित्त आने में होर्डिंग लगा हल्ला मचाने की क्या जरूरत थी. मनुष्य अपने स्वभाव मुश्किल से छोड़ पाता है. कौन आ रहा है वह कैसा है उसके लक्षण प्रकृति पहले ही प्रकट कर देती है. अगर कुछ गड़बड़ी न होती तो इस तरह की बात उठने का सवाल ही नहीं था. "सुनु खगेश नहीं कछु ऋषि दूषन, उर प्रेरक रघुवंश विभूषण" राम लला की इक्छा से ही विरोध के स्वर उठ रहें हैं. "कर्इ करावैय भंजय सोई, उमा मरम जानैय नहि कोई" ये राजनीतिक लोग अपनी गणित से ही सब चलाना चाहते हैं. शक्तिशाली लोगो ने अनुकूलता का राग होना काफी हद तक स्वाभाविक होना हैं. बताते चले कि महाराष्ट्र में राजठाकरे ने जिस प्रकार से समाज के लिए अहित कारक बयानों के चलते देश के ही अन्य प्रांतों के लोगों के साथ दुर्व्यवहार हुआ वह अति गैर जिम्मेदाराना, अनुचित और निंदनीय है। इसकी घोर निंदा और विरोध होना स्वाभाविक है। जो स्वयं ठीक नहीं होते प्रकृति उन्हें ठीक कर देती है कुछ इसी प्रकार का प्रकरण राम लला के पूर्वज अयोध्या नरेश सूर्यवंशी महाराज सगर के सामने उनके अपने पुत्र असमंज को लेकर प्रस्तुत हुआ था जनमानस की बात सुनकर महाराज सगर ने प्रजाजन का प्रिय करने की इच्छा से अपने उस अहित कारक दुष्ट पुत्र का त्याग दिया और अपने नाती अंशुमान को उत्तराधिकारी बनाया अंशुमान से दिलीप, दिलीप से भगीरथ, भगीरथ से महाराज रघु हुये। जिन्होंने मनसे प्रमुख के स्वागत की बात कही है उनकी उदारता सराहनीय, प्रशंसनीय है। पूर्व से पाप नष्ट नहीं होता पाप का नास तो प्राश्चित रूपी पश्चाताप कर भगवत शरणागत हो नामजप से ही हो सकता है वैसे धर्म की गति बड़ी सूक्ष्म, गहन है लोक में विज्ञ महात्मा भी उसे ठीक–ठीक नहीं जान सकते संसार मे बलवान मनुष्य जिसको धर्म समझता है धर्म विचार के समय उसी को धर्म मान लेते हैं और बलहीन जो धर्म बतलाता है बलवान पुरुष के बताये धर्म से दब जाता है. धर्म निर्णय कार्य अत्यंत गुरुत्तर होने से निश्चित रूप से यथार्थ विवेचन नहीं कर सकता प्रातः स्मरणीय महात्मा भीष्म ने महाभारत के सभापर्व में कल्याणि द्रौपदी के प्रश्नों के संदर्भ में कहीं है। राजठाकरे के लिये यह अच्छा अवसर है बड़ा तबका उनके दोषों का भागी बनने को तैयार हैं।

सम्पादक मंडल

पं. लाल साहब उपाध्याय (सत्यवेदानन्द जी), बाबा शक्ति नाथ (ज्योतिषाचार्य)श्री विजय कुमार तिवारी, श्री दीपचन्द्र मौर्य (एडवोकेट), श्री सुभाष चन्द्र सेठ,श्री ऋषिकेश द्विवेदी, श्री शिवशंकर तिवारी

प्रमुख कार्यालय– हिन्दी साप्ताहिक " देश की उपासना"

पता–ई 3464,राजाजी पुरम(निकट मिनी स्टेडियम) लखनऊ उ0प्र0

लखनऊ सम्पादक– श्री पी0सी0श्रीवास्तव मो0 9415545107

स्वत्वाधिकारी की ओर से मे0 प्रभुदयाल प्रकाशन के लिए श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव पत्नी श्री प्रभुदयाल श्रीवास्तव मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक द्वारा देश की उपासना प्रेस, उपासना भवन, धर्मसारी, प्रेमापुर, जौनपुर उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं प्रकाशित।

सम्पादक

श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव

सह सम्पादक

श्रीमती हेमा त्रिपाठी

मो0–7007415808,9628325542,9415034002

RNI सन्दर्भ संख्या – 24/234/2019/R-1

deshkiupasanadailynews@gmail.com

उपरोक्त सभी पद अवैतनिक है,समाचार पत्र में प्रकाशित लेख/समाचारों से सम्पादक की सहमति अनिवार्य नही

समाचार–पत्र से सम्बन्धित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जौनपुर न्यायालय होगा।